नई दिल्ली, शुक्रवार 1 मई 2026 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष -पूर्णिमा ■ वर्ष : 30, अंक : 12 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 36 न्यून.25 haribhoomi.com




बुद्ध पूर्णिमा आज

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस



### राजधानी में आयोजित किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री


# अब आतंकी हमले का जवाब निर्णायक कार्रवाई से देता भारत: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पहलगाम आतंकवाद हमले की प्रतिक्रिया यानी ऑपरेशन सिंदूर को याद करते हुए कहा कि यह भारत का एक ऐसा सैन्य अभियान है। जिसने पूरी दुनिया को साफ शब्दों में यह संदेश दे दिया है कि आज का भारत किसी भी आतंकवादी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा और अब उसका जवाब पहले की तरह के कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि हमारी कार्रवाई निर्णायक होगी।

जो इस मामले में देश की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ये नए वैश्विक युग का भारत है, जो आतंकवाद और उसके समर्थकों में कोई भेद नहीं करता। प्रधानमंत्री मोदी की भी यही स्पष्ट नीति है, जिसने बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच देश को बदल दिया। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित किए गए 'राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन-2.0' को संबोधित करते हुए दी है।

### सिंदूर को अपने समय, शर्तों पर रोका



उन्होंने कहा, आतंकवाद मानवता पर एक काला धब्बा है, जो विकृत और कुटिल मानसिकता से उपजा है। ऐसे में इसके खिलाफ लड़ाई सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला नहीं है। बल्कि मूल रूप से मानवता के मूलभूत मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। सिंदूर अभियान को हमने अपनी शर्तों, चुने हुए समय पर अंजाम दिया और इसे पूरी तरह अपनी ही शर्तों पर रोका है। भारत ने सटीकता से उन्हीं लोगों को निशाना बनाया। जिन्होंने हम पर हमला किया था। हम लंबे वक्त तक चलने वाले संघर्ष को जारी रखने के लिए तैयार थे। आज भी हमारे पास आवश्यक अतिरिक्त क्षमता, संकट की परिस्थिति में उसे बढ़ाने की ताकत भी है। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह अभियान हालांकि 72 घंटे में पूरा हो गया था। लेकिन इसके पूर्व में हमारी तैयारियां व्यापक और लंबी थीं। वर्तमान में हमारी प्रतिरोध की रणनीति में आपातकालीन-तेजी से संसाधन जुटाने की क्षमता, रणनीतिक भंडार और स्वदेशी रूप से बनाए गए हथियारों की सिद्ध विश्वसनीयता शामिल है।

### काम नहीं आई परमाणु हमले की धमकी

आतंकवाद की मौजूदगी सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि के लिए खतरा बनी रहेगी। जिसे धार्मिक रंग देकर या नक्सलवाद का नाम देकर उचित ठहराने का प्रयास किया जाता है। यह बेहद खतरनाक है और एक प्रकार से आतंकियों को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद करता है। सिंदूर में भी परमाणु हमले की धमकी बेदम साबित हुई, हमने घुटने नहीं टेके और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया। आतंकवाद केवल राष्ट्रविरोधी कृत्य नहीं है। यह परिचालन, वैचारिक और राजनीतिक आयामों से जुड़ा हुआ है। जिनसे इनके साथ ही निपटा जा सकता है। हमारे सैन्य-औद्योगिक परिसर ने समय-समय पर ये साबित किया है कि वो केवल शांतिकाल की जरूरतों को पूरा करने तक सीमित नहीं है। बल्कि युद्धकाल में तीव्र गति से आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स मांगों की पूर्ति में भी सक्षम हैं।

### पाक का आईटी 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद'

राजनाथ के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान को एक ही समय में (1947) में ही स्वतंत्रता मिली थी। लेकिन आज भारत को विश्व स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के लिए जाना जाता है। जबकि पड़ोसी दुश्मन देश को एक अलग प्रकार के आईटी यानी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के केंद्र के रूप में माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों की एकजुटता, तालमेल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे ये पता चलता है कि देश की सैन्य शक्ति अब अलग-थलग नहीं है। बल्कि यह संयुक्त, एकीकृत और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी है।

### सुदर्शन प्रणाली एआई की अनोखी मिसाल

रक्षा मंत्री ने बताया कि सुदर्शन वायु रक्षा प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करती है। ऐसी उभरती हुई तकनीक के जरिए भारत अधिक सुरक्षित और मजबूत बनेगा। राजनाथ ने एआई का अर्थ संवर्धित पैदल सेना बताते हुए कहा, जो सैनिकों की क्षमताओं को बढ़ा रही है और इसकी मदद से आतंकियों का पता लगाने, निर्णायक कार्रवाई करने में मदद मिलती है। एआई ने हमारी सटीकता, आक्रमण करने की क्षमता को बढ़ाया है। आधुनिक युद्ध की मांगों की पूर्ति के लिए सेना ने रुद्र ब्रिगेड, भैरव बटालियन, शक्तिबान तोपखाना रेजिमेंट व दिव्यास्त्र बैटरी जैसी लड़ाकू इकाइयां स्थापित की हैं। जो हाइब्रिड खतरों का तुरंत जवाब देने में सक्षम है। लेकिन फिर भी एआई को आशावादी नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। हमें डीपफेक, साइबर युद्ध, साइबर हथियार प्रणालियां नई चुनौतियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी के निमंत्रण पर हो रही है यह यात्रा, 5 से 7 मई की रहेगी तारीख

# अगले सप्ताह भारत के दौरे पर रहेंगे वियतनाम के राष्ट्रपति, होगी ब्रह्मोस डील!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




पश्चिम-एशिया संकट के बीच अगले सप्ताह से वियतनाम के नव निर्वाचित राष्ट्रपति तो लाम भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत 5 मई को होगी और समापन 7 मई को होगा। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि राष्ट्रपति लाम की यात्रा के दौरान होने वाली उच्च-स्तरीय वार्ताओं में वियतनाम द्वारा नई दिल्ली से किए जाने वाले करीब 5 हजार 800 करोड़ रुपए के सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के प्रस्तावित रक्षा सौदे को भी हरीझंडी प्रदान की जा सकती है। इसके अलावा भारत के इस मित्र देश द्वारा कुछ अन्य हथियार तथा जंगी प्लेटफार्म की खरीद करने को लेकर संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रूस ने संयुक्त उपक्रम के तहत विकसित किया है। ऐसे में भारत द्वारा इसकी किसी अन्य देश को बिक्री करने से पहले मॉस्को की मंजूरी लेना अनिवार्य है। जिसके बीच यह जानकारी मिल रही है कि रूस ने भारत को जरूरी स्वीकृति दे दी है। यहां बता दें कि राष्ट्रपति लाम वियतनाम की राजनीति की एक ताकतवर शख्सियत हैं। वर्तमान में वह अपने देश की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव भी हैं।

### चुनाव जीतने के बाद पहली विदेश यात्रा

विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर वियतनाम के राष्ट्रपति की यह यात्रा हो रही है। जो इसी साल अप्रैल महीने में चुनाव जीतकर बतौर राष्ट्रपति अपना कार्यभार संभालने के बाद किया जा रहा पहला विदेश दौरा है। जिसमें वियतनाम की सरकार के कई मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों वाला एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा। इसके अलावा एक वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी राष्ट्रपति लाम के साथ देश पहुंचेगा।

### 6 मई को पीएम संग होगी बैठक

भारत पहुंचने के बाद बुधवार (6 मई) को सबसे पहले वियतनाम के राष्ट्रपति को राजधानी स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत के तौर पर गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा। उसके बाद उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भी वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के साथ एक बैठक होगी। जबकि भारत की तरफ से कई अन्य गणमान्य व्यक्ति वियतनाम के राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात कर सकते हैं। अपनी तीन दिनों की यात्रा में राष्ट्रपति लाम बिहार के बोधगया और मुंबई भी जाएंगे।

### सामरिक भागीदारी की दसवीं वर्षगांठ

मंत्रालय ने बताया कि भारत और वियतनाम ऐतिहासिक और सभ्यता-कालीन संबंधों को आपस में साझा करते हैं। यह बढ़ते हुए समय के साथ और अधिक गहरे हुए हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश

बताते चलें कि भारत से वर्तमान में दुनिया के दो देशों फिलीपींस और इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद की है। अगर वियतनाम के साथ इस संबंध में कोई समझौता होता है। तो वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखे
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर डीसी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### महाकाल मंदिर का प्रसिद्ध लड्डू अब हाईटेक मशीन से बनेगा

**उज्जैन।** भगवान महाकाल का प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद देशभर में अपनी शुद्धता और स्वाद के लिए पहचाना जाता है।



महाकाल मंदिर में रोजाना बड़ी मात्रा में लड्डू प्रसाद तैयार होता है, लेकिन मांग अधिक होने के कारण कई श्रद्धालु प्रसाद लिए बिना लौट जाते हैं। मंदिर समिति ने अब हाईटेक लड्डू निर्माण यूनिट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि श्रद्धालुओं को पर्याप्त मात्रा में प्रसाद उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए 40 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है।

### महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए केंद्र की बड़ी पहल

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने शुरू किया सेल्फ हेल्प ग्रुप सेविंग्स अकाउंट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




ग्रामीण भारत में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आईपीपीबी ने गुरुवार को स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष रूप से समर्पित 'एसएचजी सेविंग्स अकाउंट' लॉन्च करने की घोषणा की। संचार मंत्रालय ने बताया कि यह नया खाता महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को आसान, सुलभ और शून्य-लागत वाली बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद करना है।

मंत्रालय के अनुसार, यह खाता समावेशी विकास और टिकाऊ आजीविका जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस खाते के जरिए स्वयं सहायता समूहों को बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। एसएचजी सेविंग्स अकाउंट ▶▶ शेष पेज 5 पर

# हज यात्रियों को बड़ी राहत, किराया बढ़ोतरी पर सरकार ने लगाई लगाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार हर भारतीय मुस्लिम के लिए हज यात्रा को सुलभ और किफायती बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए हवाई किराए में संभावित भारी बढ़ोतरी को सरकार ने समय रहते नियंत्रित कर लाखों यात्रियों को बड़ी राहत दी है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह स्पष्टीकरण उस समय जारी किया, जब विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर हज हवाई किराए में बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई जा रही थी। मंत्रालय ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन लागत बढ़ने से एयरलाइंस ने प्रति यात्री 300 से 400 डॉलर अतिरिक्त किराया मांगा था। हालांकि, केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए इस बढ़ोतरी को केवल 100 डॉलर प्रति यात्री तक सीमित कर दिया। इससे प्रत्येक हज यात्री को 200 से 300 डॉलर तक की बचत हुई है। मंत्रालय ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जम्मू से श्रीनगर महज 5 घंटे में, वंदे भारत दौड़ेगी घाटी में

ट्रेन के कोचों की संख्या भी 8 से बढ़ाकर 20 कर दी गई

# जम्मू तक बढ़ी वंदे भारत की रफ्तार, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी को बड़ा विस्तार देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक संचालित होती थी, जिसे अब जम्मू तवी तक बढ़ा दिया गया है। इस विस्तारित रूट पर नियमित सेवाएं शनिवार से शुरू होंगी। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन के कोचों की संख्या भी 8 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। इससे न केवल यात्रियों की क्षमता बढ़ेगी, ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 5 लाख 50 हजार से अधिक यात्री कर चुके यात्रा

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में रेलवे क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास की निरंतर धारा बह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रियों को राहत

रेल मंत्री ने कहा कि यह विस्तार खासतौर पर वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। अब उन्हें बिना ट्रेन बदले प्रमुख धार्मिक स्थलों तक निर्बाध रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सेवा विस्तार से पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जम्मू-कश्मीर में तेज, सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 5 पर

ओ३म्

मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे

(हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें)

(यजुर्वेद 36.18)



स्व. माता परमेश्वरी देवी

(01 मई 1936 - 20 जून 2025)

की 91वीं जन्म-जयंती पर

भावपूर्ण स्मरण

आपके विचार व सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे

परममित्र मानव निर्माण संस्थान

## दीवार फांदकर गये थे नहाने

# द्वारका गोल्फ कोर्स के तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका के सेक्टर 24 इलाके में स्थित एक गोल्फ कोर्स के तालाब में बृहस्पतिवार सुबह आठ से 10 साल की उम्र के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चे दीवार फांदकर तालाब में नहाने गये थे। तीनों बच्चे गोयला डेयरी इलाके के रहने वाले थे। मरने वालों में रवि जायसवाल व वीर जायसवाल दो सगे भाई थे, जबकि तीसरे बच्चे का नाम हर्ष बताया गया है।

पुलिस के अनुसार द्वारका सेक्टर 23 थाने को सुबह सात बजकर सात मिनट पर इस घटना के संबंध में सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोल्फ कोर्स परिसर के अंदर एक तालाब में तीन बच्चों को मृत पाया। दमकल विभाग के कर्मियों की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। बच्चों के कपड़े किनारे पर मिले, जिससे संकेत मिलता है कि वे नहाने के लिए तालाब में उतरे होंगे। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने कहा कि वे बच्चों की पहचान करने और उनके परिवारों का पता लगाने के प्रयास कर रहे हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक टीमों को भी बुलाया गया। पुलिस डूबने के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है। डीडीए की ओर से इस घटना की जांच के लिए डायरेक्टर के अंडर तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है और उसे एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

### डीडीए की तीन सदस्यीय कमेटी, सात दिन में देगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। द्वारका गोल्फ कोर्स में गुरुवार सुबह तालाब में डूबकर तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यों की टीम बनाई है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्राधिकरण ने द्वारका में हुई इस घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि इस कठिन समय में, हमारी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। डीडीए ने इस घटना पर तुरंत संज्ञान लिया और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए वरिष्ठ निदेशक की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की एक समिति गठित कर दी है। यह कमेटी इस मामले की गहनता से जांच करेगी और एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। डीडीए ने बताया कि जांच कमेटी की रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डिलीवरी ब्वॉय को कार ने उड़ाया फ्लाईओवर से नीचे गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका इलाके में बृहस्पतिवार को एक कार ने स्कूटी सवार डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मार दी। हादसे में डिलीवरी ब्वॉय डाबड़ी फ्लाईओवर से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कार चालक मौके से फरार हो गया। उसे ट्रेस करने के प्रयास जारी है।

पुलिस के अनुसार सुबह 7:35 बजे पीसीआर को सूचना मिली कि पंखा रोड पर डाबड़ी फ्लाईओवर से एक व्यक्ति गिर गया है और उसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और फ्लाईओवर पर एक क्षतिग्रस्त स्कूटी और स्विफ्ट कार देखी। स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे तुरंत एम्बुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान झारखंड के गोड्डा जिले के रहने वाले राजकुमार (25) के रूप में हुई है।

वह दिल्ली में जोमेटो कंपनी के लिए खाने की आपूर्ति करने का काम करता था। पुलिस ने बताया कि जिस कार ने राजकुमार को टक्कर मारी, वह दिल्ली की है और डाबड़ी के एक शख्स के नाम पर पंजीकृत है। शव को मोर्चरी में रखा गया है और फरार चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

### 'निगम स्कूले के बच्चों को मिलेगी आधुनिक शिक्षा'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के एच-ब्लॉक, अशोक विहार फेस-1 स्थित प्राइमरी स्कूल में आज "ड्रॉप इन ओसियन" संस्था के सहयोग से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एक साथ चार स्मार्ट बोर्ड स्थापित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट) ने की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के निदेशक निखिल तिवारी, उप निदेशक नीलम, स्कूल की प्रिंसिपल वनिता बजाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास साहनी, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर योगेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें समाज के हर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 01 वर्ष 2026–27**

अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है:– **कार्यों का विवरण:**– 1. इज्जतनगर मंडल के भोपतपुर स्टेशन पर प्राईवेट साइडिंग के कारण Hitachi STS मेक इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग में आल्ट्रेशन एवं अन्य विभिन्न सिगनलिंग कार्य।, **अनुमानित लागत:**– ₹ 46,92,553.10, **बयाना राशि:**– ₹ 93,900, **कार्य समापन अवधि:**– 3 माह, **कार्यों का विवरण:**– 2. इज्जतनगर मंडल छह स्टेशनों (बरेली जं., भोजीपुरा, खटीमा, बिलासपुर, फतेहगढ़ एवं कायमगंज) पर कोच गाइडेन्स डिस्पले सिस्टम का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:**– ₹ 2,69,87,925.51, **बयाना राशि:**– ₹ 5,39,800, **कार्य समापन अवधि:**– 9 माह, **ई–निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:**– दिनॉंक 19.05.2026 को 11:00 बजे, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिगनल व दूरसचांर इंजीनियर, मुजाधि/सिग्नल–20 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील उर्फ कुलदीप, पुत्र:** उग्रसेन, **निवासी:** 151, गली नं. 1, सी–ब्लॉक, प्रताप नगर, मंडोली, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 636/2024 U/s 3(5)/345(3)/304(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ कुलदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ कुलदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 636/2024 U/s 3(5)/345(3)/304(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ कुलदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (पश्चिम)
कोर्ट नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5511/WD/2026
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **नीरज कुमार, पुत्र: नरेश कुमार, निवासी: सी–90, मंगोल पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.285/2020 U/S 63/65 CR ACT** के तहत एक मामला **थाना विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **नीरज कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **नीरज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.285/2020 U/S 63/65 CR ACT, थाना विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **नीरज कुमार** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **01.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर पश्चिम)
कोर्ट नंबर–108, प्रथम मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5641/RD/2026
(अदालती मामला)


### खबर संक्षेप

#### नाबालिग लड़के से कुकर्म मामले में भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने करीब डेढ़ साल पहले पालम गांव इलाके में एक नाबालिग लड़के के साथ बंदूक के बल पर सामूहिक कुकर्म करने और उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 30 वर्षीय गुलजार उर्फ सोनू बुधवार को पालम गांव से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि अक्टूबर 2024 में चार लोगों ने नाबालिग लड़के के साथ बंदूक के बल पर कुकर्म किया था और उसे ब्लेड से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी भी कर दिया था। इस बाबत पालम गांव थाने में पोक्सो और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। केस में अजय, नीरज और कमल को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। गुलजार फरार चल रहा था इसलिये अदालत ने दिसंबर 2025 में इसे भगोड़ा घोषित किया था।

#### एनडीएमसी: सुविधा कैंप का आयोजन कल

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपना आने वाला सुविधा कैंप कल शनिवार, 2 मई 2026 को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालिका केंद्र के पास), नई दिल्ली में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगाएगी। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि यह पहल पालिका परिषद के लगातार नागरिक आउटरीच प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है, जिसका मकसद नागरिकों से सीधा जुड़ाव मजबूत करना, सेवाएं प्रदान करने में सुधार करना और शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन के अनुसार परिषद ने सुविधा कैंप को एक सिंगल-विंडो सुविधा प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया गया है।

### हत्या केस में वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में बृहस्पतिवार तड़के हुई मुठभेड़ के बाद हत्या के एक मामले में वांछित आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी सूरज उर्फ काना के पैर में गोली लगी है। हालत स्थिर बताई गई है। दो दिन पहले वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में हुई हत्या के बाद से सूरज फरार था। पुलिस के अनुसार जांच अधिकारियों को बुधवार देर रात पुल प्रह्लादपुर के पास आरोपी की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। बृहस्पतिवार तड़के करीब तीन बजे आरोपी स्कूटी पर सवार होकर मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम ने उसे रुकने और आत्मसमर्पण करने को कहा, तो उसने गोली चला दी। एक गोली पुलिस अधिकारी की बुलेट फ्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मारी। इसके बाद उसे काबू कर हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि हालत में सुधार होने के बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने बताया कि अन्य आपराधिक मामलों में उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## महिला को बंधक बनाकर गहने व नगदी लूटने वाले पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली पुलिस ने एक घर में महिला को बंधक बनाने के बाद 45 लाख रुपये कीमत के गहने और नकदी लूटने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी यह कह कर घर में दाखिल हुए थे कि उन्हें महिला के पति ने भेजा है। गिरफ्तार किये गये बदमाशों के नाम पृथ्वी सिंह (24), लक्ष्मीनारायण सिंह (29), रणजीत सिंह (24), रामकेश (23) और रामकरण सिंह (25) बताये गये हैं। सभी आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि सुरेंद्र नामक एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार यह वारदात 13 अप्रैल को हरगोविंद एन्क्लेव में सामने आई थी। तीन आरोपी 35 वर्षीय महिला के घर में बहाने से घुसे। इसके बाद उन्होंने महिला को काबू में कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। उसके साथ मारपीट की गई और बाद में उसे बाथरूम में बंद कर दिया गया था। इसके बाद बदमाश घर से कीमती सामान लेकर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण किया और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से एक आरोपी की पहचान पृथ्वी सिंह के रूप में की। वह शिकायतकर्ता का रिश्तेदार था और उसके घर के बारे में पहले से जानता था।

अंतरराज्यीय अभियान चलाकर राजस्थान के भरतपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अलवर बस स्टैंड पर लूटे गए माल को आपस में बांट लिया था और अपने साथियों को सौंप दिया था। इसके बाद पुलिस ने रामकरण को चामुंडा माता मंदिर के पास एक वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के सामान का कुछ हिस्सा बरामद हुआ। पुलिस ने जंगल और बांध क्षेत्र से फरार आरोपी सुरेंद्र का हिस्सा भी बरामद किया है। वह पहले भी राजस्थान में चोरी के मामलों में शामिल रहा है।

### अतिक्रमण को किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: मोनिका पंत

नई दिल्ली। दिल्ली की उप महापौर डॉ. मोनिका पंत ने गुरूवार को आईएसबीटी आनंद विहार तथा कड़कड़डूमा चैक स्थित सैनी एंक्लेव मार्केट का औचक निरीक्षण कर क्षेत्रीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की स्थिति पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि जनसुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईएसबीटी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमण को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के साथ हटाया जाए, ताकि यात्रियों की आवाजाही निर्बाध बनी रहे और यातायात व्यवस्था पर किसी प्रकार का दबाव न पड़े। डॉ. पंत ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निगरानी, जवाबदेही तय करना और सख्त कार्रवाई अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

## चोरी के मोबाइल फोन की नेपाल में तस्करी करने वाले गिरोह के दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आरोपी लगभग एक दशक से गिरोह चला रहा था और उसने चोरी के हजारों मोबाइल फोन की नेपाल में की है तस्करी

दिल्ली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन की नेपाल में तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 40 फोन बरामद हुये हैं। आरोपियों की पहचान दिल्ली के नंद नगरी निवासी मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शान (43) और उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी मोहम्मद रिजवान (45) के रूप में हुई है। रिजवान नेपाल में रहकर चोरी के फोन प्राप्त करता था। उसे चोरी के फोन की खेप लेकर नेपाल भागने से पहले ही पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार पूर्वी दिल्ली के क्राउन प्लाजा पार्किंग के पास जाल बिछाकर शाहनवाज को उस समय पकड़ा, जब वह चोरी के मोबाइल फोन की आपूर्ति कर रहा था। उसके पास से छह मोबाइल बरामद किए गए। इसी बीच रिजवान को गाजीपुर के पास से उस समय पकड़ा गया जब वह एक बस में सवार होने की कोशिश कर रहा था। उसके पास मौजूद रहे ट्रॉली बैग से 34 चोरी के फोन बरामद हुए। सत्यापन करने पर पता चला कि बरामद किए गए सभी 40 फोन चोरी और खोने की शिकायतों से जुड़े थे। फोन चोरी के अब तक छह मामले सुलझ गये हैं, जिनमें कश्मीरी गेट, केशवपुरम, कमला मार्केट, पहाड़गंज, कालिंदी कुंज और किशनगढ़ के थानों में दर्ज मामले शामिल हैं। आरोपी प्रत्येक फोन पर लगभग तीन हजार से चार हजार रुपये का मुनाफा कमाते थे। रिजवान ने खुलासा किया कि वह लगभग एक दशक से गिरोह चला रहा था और उसने चोरी के हजारों मोबाइल फोन नेपाल में तस्करी किए है। उसने अपराध की कमाई का उपयोग करके एक दुकान भी खोल ली है।

### चोरी के कई मामलों में शामिल युवक गिरफ्तार, 30 लाख का माल बरामद

नई दिल्ली। शाहदरा जिले में चोरी की कई वारदात में शामिल 34 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 30 लाख रुपये कीमत के आभूषण और नकदी बरामद हुई। आरोपी दिन में रेकी करके बंद घरों की पहचान करता था और रात में उसमें चोरी करता था। आरोपी पकड़े जाने से बचने के लिए निर्माणाधीन इमारतों और सुनसान रास्तों का इस्तेमाल करता था। सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद हो गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जहांगीर उर्फ भाकू उर्फ शाहिद के रूप में हुई है। वह न्यू सीमापुरी क्षेत्र का रहने वाला है। इलाके के कई घरों में चोरी होने की घटनाओं की जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जीटीबी एन्क्लेव थाने में इस महीने की शुरुआत में घर में चोरी का मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद आरोपियों का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी जानकारी का विश्लेषण किया। आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 64 हजार रुपये नकद, लॉकेट सहित पांच सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठियां, चार सोने के कड़े, 15 चांदी की पायलें और सोने-चांदी की कई अन्य वस्तुएं बरामद की हैं। पुलिस रिकॉर्ड से पता चला कि वह 2011 से सीमापुरी, विवेक विहार और ज्योति नगर थानों में दर्ज कई मामलों में शामिल रहा है। वह कई मामलों में फरार चल रहा था और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किए गए थे।

### 17 हथियार, 106 कारतूस और दो एसयूवी गाड़ियां जब्त

# अंतर-राज्यीय अवैध हथियार गिरोह का नेटवर्क ध्वस्त, पांच अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी जिले की बुध विहार पुलिस ने अंतर-राज्यीय अवैध हथियार गिरोह नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार का संबंध गोगी व दिनेश कराला गिरोह से बताया गया है। इनमें फाइनेंसर राहुल उर्फ डोगरा, सप्लायर सुरेंद्र उर्फ काला मुख्य नाम है। अवैध हथियारों का सप्लायर यूपी के हापुड़ से गिरफ्तार हुआ। तीन विदेशी पिस्टल के साथ 17 हथियार और 106 कारतूस बरामद हुये। इसके साथ ही थार और स्कॉर्पियो एन कार भी जब्त की गई है। बरामद तीन विदेशी पिस्टल में एक ऑस्ट्रिया निर्मित 9एमएम ग्लॉक, एक इटैलियन ब्रेटा और एक तुर्की निर्मित जोराकी पिस्टल शामिल है।

पुलिस के अनुसार जां के दौरान राहुल माथुर उर्फ डोगरा को सबसे पहले तब पकड़ा गया, जब वह अपने साथी मंजीत उर्फ मोनू से मिलने आया था। पुलिस टीम को देखते ही उसने अपनी एसयूवी थार को सड़क की गलत दिशा में चलाकर भागने की कोशिश की। हालांकि, सतर्क पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की और उसे बिना किसी चोट के सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। उसके कब्जे से चार पिसटल बरामद किए गए। लगातार पूछताछ के दौरान उसके साथी कुणाल उर्फ कुकू को पकड़ा गया। उसके घर से एक पिस्तौल बरामद की गई। कुणाल की निशानदेही पर एक और साथी आदित्य उर्फ बॉबी को पकड़ा और दो अवैध हथियार बरामद किए गए। आगे की पूछताछ से पता चला कि सुरेंद्र उर्फ काला इस गैंग को अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला मुख्य व्यक्ति है। वह पहले से ही आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल में बंद था। कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर उसे मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। सुरेंद्र से पूछताछ के दौरान उसने कुछ और अवैध हथियारों के बारे में जानकारी दी, जिसके आधार पर आगे छापे मारे गए और हथियार बरामद किए गए। सुरेंद्र से मिली जानकारी और पूछताछ के आधार पर हथियारों के स्रोत व सप्लायर का पता लगाने के लिए हापुड़ में छापे मारे गए और इकबाल (65) को गिरफ्तार किया गया। उसके घर की तलाशी के दौरान पांच अवैध हथियार और 21 जिंदा कारतूस बरामद हुये। इनमें एक पिस्तौल, एक लाइट पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और दो देसी कट्टे शामिल हैं।

### चारों अपराधियों का दिनेश कराला-गोगी गैंग से संबंध उजागर

पुलिस का कहना है कि चारों आरोपी दिनेश कराला गोगी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। टिल्लू और चिचड़ गैंग के साथ चल रही दुश्मनी के चलते वे अपनी आपराधिक धाक जमाने के लिए हथियार खरीद रहे थे। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करके, वे नाबालिगों और युवाओं को गैंग की गतिविधियों में शामिल होने के लिए लुभाने और उकसाने का काम भी करते थे। यह गैंग दिल्ली के बाहरी इलाकों में रंगदारी वसूलने और जमीन पर कब्जा करने जैसी वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल था और इसके हरियाणा के गैंगस्टरों के साथ भी गहरे संबंध उजागर हुये हैं। सुरेंद्र काला ने पिछले 4-5 सालों में सैकड़ों हथियारों की सप्लाई की है।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIET NO. 01/TS/PWL/2026-27 DATED 08.04.2026 FOR THE WORK OF HIGHVOLTAGETESTING OF220KV &66KVGIS MODULEMAKE JIANGSU JINKE AT 220KV GIS S/STN. ROJ-KA-MEO. (AGAINSTRISKPURCHASE) (TENDERID-2026_HBC_513633_1) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 06.05.2026 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 01/CCD-174/C DATED06.04.2026 | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 07.05.2026 तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/44876/I/88/7 दि. 30.04.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एकबारगी खरीद आधार पर इंट्रा-ओरल स्कैनर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 30.04.2026 14.05.2026 | रु. 20,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर आर्म-इन-बीपी अपरेटस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 30.04.2026 21.05.2026 | रु. 68,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | "ग्रुप-ए" औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 30.04.2026 21.05.2026 | रु. 22,29,50,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | "ग्रुप-ए" के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को सर्जिकल सूचर्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 30.04.2026 21.05.2026 | रु. 5,18,37,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | "ग्रुप-बी" औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 30.04.2026 21.05.2026 | रु. 12,36,10,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/120/44879/I/88/7 दि. 30.04.26

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर सख्त हुई दिल्ली सरकार

# किताबें, ड्रेस और स्टेशनरी कहीं से भी खरीद सकते हैं अभिभावक : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। कभी भी किसी भी स्कूल का अचानक मुख्यमंत्री निरीक्षण कर सकती हैं। अगर निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन या किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सरकार संबंधित स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी, जिसमें जरूरत पड़ने पर स्कूल का टेकओवर भी शामिल है। यह सख्त निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि हर प्राइवेट स्कूल को अपने नोटिस बोर्ड, वेबसाइट और यदि स्कूल का अपना स्टोर है तो वहां लिखित रूप में यह स्पष्ट करना होगा कि अभिभावक ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता से खरीद सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी अभिभावक को



स्कूल या किसी एक निर्धारित विक्रेता से ही सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यदि स्कूल सुविधा के लिए कुछ दुकानों के नाम सुझाना चाहता है, तो वह पांच-छह विकल्प लिखित रूप में दे सकता है, लेकिन किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस व्यवस्था को पूरी तरह सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने सख्त संदेश में कहा कि यह कोई सामान्य निर्देश नहीं है, बल्कि अत्यंत गंभीर विषय है। यदि कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित स्कूल के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर उसका टेकओवर भी किया जा सकता है।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए हाल ही में सरकार के शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में रोहिणी सेक्टर-13 स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। दो दिनों तक चले औचक निरीक्षण में पाया गया कि स्कूल बिना वैध फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के संचालित हो रहा था, जबकि परिसर में चल रहा स्विमिंग पूल भी बिना लाइसेंस के था, जिसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जांच में स्कूल के खिलाफ अन्य अनियमितताएं भी पाई गईं थीं।

#### 'अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों और सुझावों के आधार पर की जा रही है कार्रवाई'

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निरीक्षण पर जाना किसी प्रकार का दिखावा नहीं है, बल्कि यह वास्तविक कार्रवाई है, जो अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों और सुझावों के आधार पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों ने उन्हें लिखकर बताया है कि उन्हें अगली बार कहां निरीक्षण करना चाहिए और वह आगे भी उन सभी स्थानों पर जाएंगी जहां गड़बड़ी की शिकायतें मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि लोगों के पास और भी सुझाव हैं, तो वे उन्हें भेज सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि जहां-जहां अनियमितताएं होंगी, वहां वह स्वयं पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगी।

#### 'किसी भी कीमत पर निजी स्कूलों की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार'

दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल एक स्कूल तक सीमित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी प्राइवेट व सहायता प्राप्त स्कूलों की कार्यप्रणाली की जांच की जा रही है और जहां भी गड़बड़ियां पाई जाएंगी, वहां सख्त कदम उठाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर ऐसे स्कूलों की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली के सभी वर्गों के बच्चों को पारदर्शी, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

## माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेन के वार्षिक समारोह में पहुंचे एलजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेन में वार्षिक दिवस समारोह में गुरुवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि मुझे इस समारोह में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हुई।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया है कि, भारत अब महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। पीएम की उसी सोच को साकार करने की दिशा में इस जैसे संस्थान अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। वह पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा प्रदान करते हैं और ऐसी आत्मविश्वास से भरी युवा महिलाओं को तैयार करते हैं, जो हमारे राष्ट्र की प्रगति का नेतृत्व करेंगी। एलजी ने कहा कि सभी समर्पित शिक्षकों और होनहार विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, जो एक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावशाली भविष्य के निर्माण में निरंतर जुटे हुए हैं। इस मौके पर एलजी संधू के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री मंजीत सिंह सिरसा, गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, कॉलेज की प्राचार्य प्रो. हरप्रीत कौर सहित अन्य मौजूद थे। एलजी ने कहा कि हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहाँ भारत के भविष्य को संवारने में महिलाओं की भूमिका सार्थक तरीकों से बढ़ रही है।

### सोमनाथ यात्रा के लिए 1400 श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन रवाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-सोमनाथ यात्रा' की शुरुआत की। उन्होंने सफदरजंग रेलवे स्टेशन से करीब 1400 श्रद्धालुओं को लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है।



यह यात्रा '1000 वर्षों की अखंड आस्था' को समर्पित एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहल है, जिसका उद्देश्य दिल्लीवासियों को अपनी आध्यात्मिक विरासत से जोड़ना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुरू की गई इस यात्रा के साथ दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, जिसने एक साथ करीब 1400 श्रद्धालुओं को इतनी बड़ी और व्यवस्थित सोमनाथ यात्रा पर भेजा है। यात्रा का पूरा रेल किराया और भोजन दिल्ली सरकार दे रही है। वहीं, गुजरात सरकार यात्रियों के ठहरने, स्थानीय परिवहन और मंदिर दर्शन की पूरी व्यवस्था करेगी।

### दिवंगत पांडव के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिवंगत पांडव के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इस कठिन घड़ी में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में दिवंगत पांडव कुमार के शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गुरुवार को मुलाकात की तस्वीरों को शेयर कर लिखा कि दिल्ली सचिवालय में द्वारका की घटना में दिवंगत पांडव कुमार के शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। एक बेटे का असमय चले जाना माता-पिता के लिए कितना बड़ा दुख होता है, इसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता। इस कठिन घड़ी में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। यह घटना अस्वीकार्य है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार के एक बेटे के साथ हुई इस घटना पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच में कोई ढिलाई न हो और दोषियों को कठोरतम दंड मिले।

### राशन शिकायतों के लिए जन सुनवाई कैंप दो मई से होंगे शुरू : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दो मई 2026 से दिल्ली के सभी जिला कार्यालयों में 'जन सुनवाई कैंप' शुरू कर रही है। ये कैंप हर शनिवार सुबह 9 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित होंगे, जहां लोग राशन कार्ड से जुड़ी अपनी समस्याएं जैसे नया कार्ड बनवाना, सुधार, पात्रता और वितरण से जुड़े मुद्दे सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे और समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इस बात की जानकारी गुरुवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। सिरसा ने कहा कि हम लोगों और सरकारी सेवाओं के बीच की दूरी को कम कर रहे हैं और शिकायतों के समाधान को लोगों के दरवाजे तक ला रहे हैं।

### लगातार दूसरे दिन दिल्ली में बारिश, कई जगह गिरे ओले

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को बारिश दर्ज हुई। दूसरे दिन यमुना पार के कई क्षेत्रों में तेज हवा, बारिश व ओले गिरने की भी खबर सामने आई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार बारिश व ओले गिरने के चलते अधिकतम पारा और नीचे लुढ़का है, जिससे गर्मी से राहत मिली है। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 0.9 डिग्री नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.6डिग्री नीचे है। जहां यमुना पार में ओले गिरे वहीं पश्चिमी दिल्ली, पालम तथा द्वारका सहित अन्य क्षेत्रों में महज हल्की बौछारें ही गिरी।

### भलस्वा लैंडफिल साइट पर तेजी से किया जाए बायोमाइनिंग कार्य : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के नवनिर्वाचित महापौर प्रवेश वाही ने कार्यभार संभालते ही दिल्ली की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए गुरूवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर वहां चल रहे बायोमाइनिंग एवं बायो रेमेडिएशन कार्यों का निरीक्षण किया। महापौर वाही ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे लेगेसी कचरे के निस्तारण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया लेकिन समय से लीगेसी कचरे के निस्तारण के लिए बायोमाइनिंग कार्य ने तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लीगेसी कचरे के निस्तारण के लिए अतिरिक्त मशीनरी को लगाया जाए। इसके बाद महापौर प्रवेश वाही ने घोघा स्थित सीबीजी प्लांट का भी निरीक्षण किया। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं एवं बायोमाइनिंग कार्यों की समीक्षा के लिए निरंतर दौरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2026 के अंत तक भलस्वा लैंडफिल साइट पर बायोमिनिंग कार्य पूर्ण कर लेगेसी कचरे को निस्तारित कर दिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, प्रमुख अभियंता पी. सी मीणा, नरेला जोन के उपायुक्त राघवेंद्र मीणा सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### देवेंद्र यादव के दो साल पूरे, संगठन मजबूती के लिए साथ देने पर कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद

नई दिल्ली। देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में दो साल पूरे करने पर कांग्रेसियों ने धन्यवाद किया। इस मौके पर दिल्ली कांग्रेस के अनेक छोटे बड़े नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यादव को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में मैंने दिल्ली में कांग्रेस को हर स्तर पर जबरदस्त नई ऊर्जा मिलती देखी है। दो वर्षों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए अटूट समर्थन देने वाले प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता का धन्यवाद करता हूं। मुझे मिली सफलता पर भी मैं अत्यंत संतोष व्यक्त कर सकता हूं। दो वर्ष दिल्ली कांग्रेस के लिए संगठन के पुनर्गठन की जटिल प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। जिसे हमने संगठन सृजन अभियान के माध्यम से हासिल भी किया।



## खबर संक्षेप

### ठगी करने वाला एक आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साजिद खान निवासी गांव पीर बहोड़ा, जिला बरेली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-86 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जनवरी को उसके पास एक कॉल आई।

## इन्वेसिव तकनीकों में प्रगति, सफलतापूर्वक उपचार किया, मिली सफलता

# रोबोट की मदद से 81-वर्षीय मरीज के दोनों कूल्हों का किया सफलतापूर्वक इलाज ,दो दिन बाद की मरीज की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में उन्नत ऑर्थोपिडिक केयर की अनूठी मिसाल सामने आई है। अस्पताल में 81-वर्षीय बुजुर्ग मरीज के दोनों कूल्हों का रोबोट की मदद से एक साथ सफल प्रत्यारोपण किया गया। मरीज दोनों कूल्हों में एवास्क्यूलर नेक्रोसिस (एवीएन) की वजह से विकलांगता के शिकार थे। डॉ देबाशीष चंदा, सीनियर डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, ऑर्थोपिडिक, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने मरीज का सफलतापूर्वक उपचार किया और 2 दिन के बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

मामले की जानकारी देते हुए, डॉ देबाशीष चंदा,




सीनियर डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, ऑर्थोपिडिक, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, यह मामला सही मायने में असाधारण था। मरीज की उम्र और 81-वर्षीय बुजुर्ग मरीज के दोनों कूल्हों के एक साथ प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में जटिलता के चलते यह काफी चुनौतीपूर्ण था। आमतौर से, इस तरह की प्रक्रियाओं से बचा जाता है ताकि जोखिम न बढ़े। लेकिन हाल के वर्षों में मिनीमॅली इन्वेसिव तकनीकों में प्रगति, रोबोटिक सहायता और सटीक एनेस्थीटिक प्रोटोकॉल्स के चलते, हमने एक बार में ही इस सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

डॉ चंदा ने कहा, बुजुर्ग मरीजों में, इस प्रकार की प्रक्रियाओं को खून के थक्के जमने, हृदय संबंधी परेशानियों,, संक्रमण और क्षीण हड्डियों जैसे जोखिमों के चलते अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाता है। इस मामले में, मरीज ने कुछ ही घंटों में मोबिलिटी हासिल कर ली और अगले ही दिन से चलने-फिरने लगे, जो कि इस उम्र में वाकई असामान्य घटना है। इस प्रक्रिया के दौरान एपीड्यूरल एनेस्थीसिया का उपयोग करते हुए तीन घंटे में इस प्रक्रिया को सटीकता, कम रक्तस्त्राव और त्वरिक स्वास्थ्यलाभ की दृष्टि से रोबोटिक टेक्नोलॉजी की सहायता से पूरा किया गया।

यश रावत, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं एसबीयू हेड, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, इस मामले ने एक बार फिर समय पर मेडिकल सहायता मिलने के महत्व को उजागर किया है, क्योंकि इलाज मिलने में अधिक देरी होने से विकलांगता बढ़ सकती थी और परिणाम भी कम प्राप्त होते।

### विदाई समारोह का आयोजन



**फरीदाबाद।** 30 अप्रैल को फरीदाबाद पुलिस परिवार के 15 पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी में एक सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नरेंद्र कुमार, भलाई निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग में लंबे

### ठगी के मामले में 2 भाईयों को गिरफ्तार किया



**फरीदाबाद।** इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देख कर सूट ऑर्डर करने के बाद एक लाख की ठगी के मामले में साईबर थाना एनआईटी ने 2 भाईयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-23 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि उसने इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन शॉप से लेडीज़ सूट ऑर्डर किया था, जिसका उसने 4900 ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया था। समय पर सामान प्राप्त नहीं हुआ, दूसरी तरफ से बताया गया कि ऑर्डर किया गया सूट स्टॉक में नहीं है अन्य दूसरा सूट लेने के लिये कहा कि जिस पर शिकायतकर्ता ने मना कर दिया।

## फायर ब्रिगेड बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया, मची अफरा-तफरी

# शॉर्ट सर्किट से 2 फैक्ट्रियों में आग रबर, केमिकल और लकड़ी कारखानों में लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के बीच औद्योगिक नगरी फरीदाबाद गुरुवार को आग की घटनाएं मुसीबत बन गईं। शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में आग लगने की घटनाएं सामने हुईं। इससे अफरा-तफरी मची रही। फायर ब्रिगेड बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

दो आग की घटनाएं ज्वलनशील पदार्थों से भरे स्थानों में लगी। इससे आग को फैलने और इससे भारी आशंका से लोग डर गए। गनीमत यह रही कि दमकल विभाग की मुस्तैदी से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी की जान नहीं गई। इन हादसों



में लाखों रुपये का कच्चा व तैयार माल जलकर खाक हो गया। ये आग की घटनाएं एक रबर फैक्ट्री, लकड़ी का गोदाम और एक केमिकल कंपनी हुईं। इससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मची रही। यह काम कर रहे लोगों ने भाग कर जान बचाई। फायर विभाग को इस पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सदर थाना क्षेत्र के मलेरना से शाहपुरा रोड पर रबर फैक्ट्री में पूर्वाह्न करीब 11 बजे शॉर्ट सर्किट आग लग गई। फैक्ट्री के पीछे रखे रबर के स्टॉक को चपेट में ले लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं।

दर्जनों मजदूरों ने भागकर जान बचाई। आईएमटी फायर स्टेशन से पहुंची 5 गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को शांत किया। सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में शाहरुख खान नामक व्यक्ति के लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। यहां सेकेंड हैंड फर्नीचर जैसे बेड, सोफे और अलमारियां रखी थीं।

## स्टेकहोल्डर गोलमेज वार्ता का आयोजन

# गुरुग्राम बना ज़ीरो-एमिशन स्कूल क्लीन एयर ज़ोन लागू करने वाला पहला शहर




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राहगिरी फाउंडेशन और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन ने, गुरुग्राम प्रशासन के सहयोग से, गुरुग्राम में एक उच्च-स्तरीय मल्टी-स्टेकहोल्डर गोलमेज वार्ता का आयोजन किया।

स्कूल क्लीन एयर ज़ोन्स स्थापित करने की आधिकारिक प्रतिबद्धता की घोषणा की गई। इसके तहत शैक्षणिक संस्थानों के आसपास 500 मीटर के दायरे में ऐसे क्षेत्र बनाए जाएंगे, जहां परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को सख्ती से नियंत्रित किया जाएगा, ताकि शहर के सबसे कम उम्र के नागरिकों (बच्चों) को स्वच्छ और सुरक्षित हवा मिल सके। इस गोलमेज वार्ता ने पायलट स्कूलों में लगाए गए एक्यूआई सेंसर से प्राप्त हालिया निष्कर्षों को शहर के लिए एक स्केलेबल रोडमैप में बदलने का काम किया।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने नशा मुक्ति केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## तिगांव रोड पर चलाए जा रहे नशा मुक्त केंद्र में कोई अनियमितताएं नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर जिला फरीदाबाद में चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण कराने के लिए जिला उपायुक्त फरीदाबाद से टीम गठित कराई गई। जिस सम्बंध में उपायुक्त फरीदाबाद कार्यालय द्वारा संबंधित एसीपी, तहसीलदार, सिविल सर्जन



फरीदाबाद व डीएसडब्ल्यूओ फरीदाबाद को टीम में शामिल किया गया। संयुक्त टीम द्वारा सैक्टर-14 फरीदाबाद में चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। यह नशा मुक्ति केन्द्र रैडक्रास सोसायटी द्वारा चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति केन्द्र में केवल 3 नशा करने के आदि व्यक्ति पाये गये। नशा मुक्ति केन्द्र वैध पाया गया। नशा मुक्ति केन्द्र में निरीक्षण पर कोई अनियमितताए नही पाई गई। उसके उपरांत आशा ज्योति फाउंडेशन द्वारा गांव मिर्जापुर, तिगांव रोड पर चलाये जा रहे नशा मुक्ति केंद का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर 14 नशा के आदि व्यक्ति पाये गये। यह नशा मुक्ति केंद्र वैध अनुमति लेकर चलाया जाना पाया गया व निरीक्षण पर कोई अनियमितताएं नहीं पाई गई। एक अन्य गुप्त सूचना के आधार पर समयपुर रोड राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़ में चलाए जा रहे होप एंड स्ट्रेंथ अल्कोहल डिएडिक्शन सेंटर का निरीक्षण किया गया ।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह हादसा बीती रात करीब 1 बजे सेक्टर-5 के पास संत सूरदास मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक हुआ। मृतक की पहचान 26 वर्षीय गौरव कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले का रहने वाला था। पिता नवोदय महतो ने बताया कि उनका बेटा बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 में किराए के मकान में रहता था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T02 दि. 27.04.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. :** 01, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में बैलास्ट साइडिंग की शंटिंग के लिए माधोसिंह में मुख्य लाइन के समानांतर (ज्ञानपुर छोर के उत्तरी भाग में) प्रोविजन शंटिंग नेक के संबंध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य, **टेंडर रिफरेंश नं. :** SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T02, **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 95,22,882.22, **धरोहर राशि :** ₹ 1,90,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 19.05.2026 14:45 बजे तक, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 6 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 19.05.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
**मुजाधि/विद्युत-29** **पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी

# गाजियाबाद में बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या घर में मिली खून से लथपथ लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की उत्तरांचल सोसायटी में बुधवार की रात मेंएक 82 वर्षीय बुजुर्ग की उनके ही घर में बेरहमी से हत्या कर दी गई। बुजुर्ग घर पर बिल्कुल अकेले थे और परिवार के बाकी सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। रात को जब बेटे घर लौटे, तो फर्श पर पिता का खून से लथपथ शव देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस में मुताबिक बागपत जिले के निरोजपुर गांव के रहने वाले 82 वर्षीय रमेश चंद शर्मा उत्तरांचल सोसायटी में एक तीन मंजिला मकान में अपने दो बेटों विकास और गौरव के साथ रहते थे। बड़ा बेटा विकास शर्मा लोन कंसल्टेंसी का काम करते हैं और बुधवार दोपहर करीब दो बजे किसी काम से घर से निकले थे। उनका छोटा भाई गौरव भी दिल्ली के चावड़ी बाजार गया हुआ था। विकास ने बताया कि जब वह रात करीब 9 बजे वापस घर पहुंचे, तो मुख्य गेट बंद था। उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद जब वह घर के पिछले दरवाजे की तरफ गए, तो वह खुला हुआ था। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि ग्राउंड फ्लोर के कमरे में शर्मा का शव खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा था। उनके सिर, मुंह और गले से काफी खून बह रहा था एसीपी सिद्धार्थ गौतम पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से मुआयना किया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि कातिलों ने बुजुर्ग का मुंह एक तौलिये से बांध दिया था, ताकि वह चीख-पुकार न मचा सकें।

## नए समर ट्रैवल कैंपेन का उद्देश्य भारतीय यात्रियों को जागरूक करना

# क्लूक इंडिया का फराह खान के साथ समर ट्रैवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

क्लूक इंडिया ने सिने तारिका फराह खान के साथ अपने नए समर ट्रैवल कैंपेन के लिए साझेदारी की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य भारतीय यात्रियों को परिचित जगहों को नए और अनोखे अनुभवों के जरिए फिर से जानने के लिए प्रेरित करना है। डिजिटल-फर्स्ट कैंपेन क्लूक इंडिया के इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी एक ट्रेलर के साथ शुरू होता है, जो फराह खान की आने वाली ट्रैवल स्टोरी की पहली झलक दिखाता है। इस यात्रा में उनके साथ उनके भरोसेमंद शेफ दिलीप भी नजर आते हैं। इसके बाद तीन छोटे-छोटे एपिसोड



जारी किए जाएंगे, जिनमें सिंगापुर की उनकी यात्रा के अनुभव दिखाए जाएंगे। वहीं, पूरा ब्रांड फिल्म को मई की शुरुआत में क्लूक इंडिया के इंस्टाग्राम और यूट्यूब हैंडल्स पर रिलीज किया जाएगा। क्लूक इंडिया एवं मिडल इस्ट के मार्केटिंग लीड, शिवम त्यागी ने कहा कि भारतीय यात्री पहले से कहीं अधिक जागरूक और प्रेरित हैं, फिर भी अधिकांश छुट्टियाँ आश्चर्यजनक रूप से एक जैसी ही होती हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **धर्मपाल, पुत्रः** आशा राम, **पताः** गाँव नवादा, थानाः कटरा, जिला सहजनपुर, यूपी, **रिकॉर्ड में पताः**– झुग्गी जेलर वाली, आजादपुर, दिल्ली ने **FIR No. 136/2017, U/s.: 33/38 Delhi Excise Act, थानाः स्वरूप नगर दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धर्मपाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धर्मपाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 136/2017, U/s.: 33/38 Delhi Excise Act, थानाः स्वरूप नगर दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, धर्मपाल, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–07**
**कमरा नंबर 06, प्रथम तल, उत्तरी जिला**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5680/ON/2026**
**(Court Matter)**

## डेस्टिनेशन वेडिंग की संभावनाओं पर ज़ोर

# नेपाल के हॉस्पिटैलिटी लीडर्स की वेडिंग और हॉस्पिटैलिटी पार्टनरशिप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नेपाल डेस्टिनेशन वेडिंग और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट (ओटीए) कनेक्ट का आयोजन होटल एसोसिएशन नेपाल (एचएएन) द्वारा नेपाल टूरिज्म बोर्ड तथा नई दिल्ली स्थित नेपाल एम्बेसी के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का मकसद नेपाल में डेस्टिनेशन वेडिंग, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी पार्टनरशिप के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करना था। जिसमें 90 से ज़्यादा इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। जिनमें नेपाल से आए 21 खास प्रतिनिधि भी शामिल थे। इसके अलावा होटल ओनर्स और हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स, भारत के लगभग 45 वेडिंग प्लानर और ओटीए ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम में बिनायक शाह





(प्रेजिडेंट, होटल एसोसिएशन नेपाल), डॉ. सुरेंद्र थापा (मिनिस्टर/डीसीएम, नेपाल एम्बेसी), और लक्ष्मण गौतम (डायरेक्टर, नेपाल टूरिज्म बोर्ड) शामिल थे। वहीं इंडस्ट्री के बड़े नामों में नीरज धवन (फौन्डिंग प्रेजिडेंट, इंडियन वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन) कार्यक्रम में शामिल रहे। एचएएन के सीनियर वाईस प्रेजिडेंट प्रबीन बहादुर पांडे ने डेस्टिनेशन वेडिंग की संभावनाओं पर ज़ोर देते हुए आने वाले सालों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का वादा किया। एचएएन की ओर से टेक बहादुर महत ने एक खास प्रस्तुति नेपाल की डेस्टिनेशन वेडिंग प्रॉपर्टी प्रोफ़ाइल में नेपाल की सभी अनोखी और खूबसूरत वेडिंग डेस्टिनेशन की बढ़ती लोकप्रियता को उजागर किया। जाने-माने हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स के प्रतिनिधियों ने जिनमें द सोल्टी काठमांडू, होटल हिमालय, द एवरेस्ट होटल, होटल याक एंड यति, बाराही हॉस्पिटैलिटी एंड लेजऱ, लेमन ट्री प्रीमियर, दुसित थानी, होटल अलॉफ्ट काठमांडू, चंद्रगिरी हिल्स रिज़ॉर्ट, होटल रॉयल ट्यूलिप काठमांडू, रूपाकोट रिज़ॉर्ट, गोकर्ण फ़ॉरेस्ट रिज़ॉर्ट, द टेरेसेस, होटल क्राउन इंपीरियल आदि।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

**SW/FSO/302**

मनकि लक्ष्मण पुत्र कवल सिंह पुत्र पूर्ण, निवासी एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3679 तबादला, के अनुसार खेवट न0 75मिन/52, खाता न0 75 मिन, मु0 न0 13, किला न0 23/2/2(1–16), 24/1/1(0–15), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 11 मरले (0.31875 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 11 मरले (0.31875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/FSO/305**

हमकि (1) अंकित सुराना पुत्र केवेन्द्र सुराना, निवासी मकान न0 एस–313, जी.के.–2, ग्रेटर कैलाश, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110048 व (2) पुष्पेन्द्र सुराना पुत्र विमलचन्द्र सुराना, निवासी मकान न0 बी–7, सुराना एन्कलेव, सवाई रामसिहं रोड़, एस.एम.एस. अस्पताल के सामने, जवाहर नगर, जयपुर, राजस्थान–302004 व (3) नीना गुप्ता पत्नी नीरज गुप्ता, निवासी मकान न0 एम–27, मार्किट ग्रेटर कैलाश – 2, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110048 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न0 82/59, खाता न0 82, मु0 न0 23, किला न0 8(8–0), 9(8–0), 10(8–0), मु0 न0 24, किला न0 14/2(5–16), 15/1(2–9), किते 5, तादादी रकबा 32 कनाल 5 मरले सालम भाग (जिसमें अंकित सुराना 193/430 भाग व पुष्पेन्द्र सुराना 193/430 भाग व नीना गुप्ता 22/215 भाग) व खेवट न0 83/60, खाता न0 83, मु0 न0 24, किला न0 6(8–0), 7(8–0), 8(8–0), 12/2(5–12), 13(8–0), 14/1(2–4), किते 6, तादादी रकबा 39 कनाल 16 मरले सालम भाग (जिसमें अंकित सुराना 715/1592 भाग व पुष्पेन्द्र सुराना 715/1592 भाग व नीना गुप्ता 81/796 भाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 72 कनाल 1 मरला (9.00625 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 72 कनाल 1 मरला (9.00625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 30.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली–110025
Website : www.hindustantin.biz. Contact No. : +91 11-49998888
CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822

**पर्यावरण अनुकूल भविष्य बनाते हुए**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुन: प्रस्तुतीकरण हेतु शेयरधारकों को स्पेशल विंडो के लिए सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") ने सर्कुलर नंबर HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026, के तहत जिसका शीर्षक "निवेश करने में आसानी - फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो" है, के माध्यम से, फिजिकल सिक्योरिटीज जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई थीं और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से अस्वीकृत/वापस कर दी गईं/ध्यान नहीं दिया गया, के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विशेष एक वर्षीय विंडो खोली है, जो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए है।

संबंधित निवेशक, तदनुसार, ट्रांसफर डीड्स को पुनः दायर कर सकते हैं और कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

**रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ( आरटीए ) का विवरण निम्नानुसार है :**
**नाम – बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.**
**पता – बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगिरी,**
**लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, नई दिल्ली–110062**
**संपर्क नं.– 011-29961281, 29961282**
**वेबसाइट – www.beetal.in ई-मेल – beetalrta@gmail.com**

यह सूचना शेयरधारकों की जानकारी के लिए और सेबी के अनुपालन में जारी की गई है। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर भी उपलब्ध है।

**कृते हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
हस्ता/–
**रजत पाठक**
**ईवीपी ( वित्त ) एवं कंपनी सचिव**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 30 अप्रैल, 2026**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपा पर कटाक्ष

# अपने काले कर्मों से राजमहल सजाने वाले ही इतिहास में कलंक बन जाते हैं

यूपी विधानसभा में योगी ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी ने गुरुवार को विधानसभा के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। योगी ने विपक्ष, खासतौर पर सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला किया। योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन 2019 में ही लागू होना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने लोकसभा में इसका विरोध किया।

योगी ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया।



## प्रस्ताव गिरते ही विपक्ष एक-दूसरे को बधाई दी

प्रस्ताव गिरते ही एक-दूसरे को बधाई दी और नारेबाजी की कि हमने महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने दिया। यह आपका आचरण था, जिससे पूरा सदन और पूरा देश आहत है। इसी श्रृंखला में हम आज इस सदन में चर्चा करने आए हैं। योगी ने विधानसभा में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए।

## संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 %

इसका उद्देश्य महिलाओं को केवल लाभार्थी योजनाओं तक सीमित न रखकर नीति-निर्धारण और कानून-निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 प्रतिशत है।

## 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के उन्नयन, गरिमा, सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले किसी भी प्रगतिशील कदम का समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमेशा विरोध करता रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा में इन दलों का आचरण स्पष्ट रूप से महिला-विरोधी रहा। जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की, तो आजादी के बाद पहली बार महिलाओं के बैंक खाते खोले गए। कांग्रेस और सपा ने उस समय भी इसका पुरजोर विरोध और दुष्प्रचार किया। पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले, लेकिन विपक्ष ने तब भी इस योजना का मजाक उड़ाया।

## सपा के शोहदे छींटाकसी करते थे

उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा था। इसके अंतर्गत 'हर घर शौचालय' का बड़ा अभियान चलाया गया। सपा ने इस योजना का लगातार विरोध किया। उत्तर प्रदेश में कुल 2 करोड़ 61 लाख शौचालय बनाए गए, डबल इंजन सरकार आने के बाद डेढ़ वर्ष के अंदर ही दो करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। पूरे देश में 12 करोड़ शौचालय बने।

## किसान का बेटा अंकित कुमार झारखंड टॉपर

**रांची।** आइसीएसई बोर्ड द्वारा जारी 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में झारखंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित माउंट असीसी स्कूल के छात्र अंकित कुमार ने 12वीं में 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान (स्टेट टॉपर) प्राप्त किया है। अंकित परसोती गांव के रहने वाले हैं और उनके माता-पिता पेशे से किसान हैं।



## नाबालिग से रेप में 20 कैद, 66 हजार जुर्माना

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में नाबालिग से रेप के आरोपी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ रेप एंड पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार गुप्ता ने निरगुन राम नाम के दोषी को मात्र 11 माह की सुनवाई में यह सजा फरमाया है। आरोपी पर 66 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं पीड़िता को प्रतिकर के रूप में तीन लाख रुपए दिए जाएंगे।



ट्रैफिक चालान में 50% की छूट

# बिहार में एकमुश्त बकाया जमा कराने वालों को सम्राट सरकार का ऑफर



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार ने वाहन चालकों को बड़ी राहत देते हुए लंबित ट्रैफिक चालानों को जमा कराने का ऑफर लेकर आई है। इसके तहत 90 दिन से अधिक के बकाया ट्रैफिक ई चालानों को वाहन मालिक या चालक आधी राशि में ही निपटारा करा सकेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के एक दिन बाद परिवहन विभाग ने एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है। ऐसे चालानों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालतों में किया जाएगा। बिहार परिवहन विभाग द्वारा गुरुवार को जारी अधिसूचना के अनुसार ई चालान से संबंधित लंबित मामलों सौहार्दपूर्ण निपटारों के लिए लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

## वर्चुअल कोर्ट से होगा निपटारा

31 मार्च 2026 से पहले जिन वाहन चालकों ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है और उनका चालान काटा गया है। साथ ही, उनका भुगतान 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित है। ऐसे चालानों को वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालतों से निपटारा किया जाएगा।

## हेलमेट, सीट बेल्ट, रेड लाइट जैसे उल्लंघनों का एकमुश्त चालान

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बिना हेलमेट लगाए, बिना सीट बेल्ट पहने या बिना इंश्योरेंस के गाड़ी चलाने, लाल बत्ती तोड़ने समेत अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से जुड़े लंबित ई चालानों की 50 प्रतिशत राशि जमा कर वाहन चालक आसानी से निपटारा कर सकेंगे।

## कैबिनेट से मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। परिवहन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि एक तरह के यातायात अपराध पर आर्थिक दंड अलग-अलग लगाए जाते हैं।

# पेज एक का शेष

## सुदर्शन प्रणाली एआई ....

के रूप में खड़ी हैं। 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। जो बीते वित्त वर्ष की तुलना में 62.66% अधिक है।

## सामरिक भागीदारी ...

यात्रा एक ऐसे विशेष मौके पर हो रही है। जब दोनों देश अपने संबंधों को आगे बढ़ाते हुए व्यापक सामरिक साझेदारी के स्तर तक लेकर गए और अब उसकी 10वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच संबंधों के परिवर्तित रूप को लेकर 2016 में की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान सहमति बनी थी। उधर, पीएम मोदी और राष्ट्रपति तो लाम के बीच होने वाली गतिविधियों के दौरान भारत, वियतनाम के विस्तृत द्विपक्षीय संबंधों को एक नई गति मिलने और सहयोग के नए मार्गों के खुलने की भी संभावना है।

## ब्रह्मोस खरीदने....

दुनिया का तीसरा दक्षिण-एशियाई देश होगा। जिसने भारत से ध्वनि की गति से भी तीन गुना अधिक तेजी के साथ दुश्मन पर हमला करने में सक्षम इस मिसाइल की खरीद की है। थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, मिस्र, सऊदी अरब समेत कुछ दक्षिण-अमेरिकी देशों ने भी ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर भारत के सामने अपनी रुचि प्रकट की है।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स ...

की प्रमुख विशेषताओं में न्यूनतम प्रारंभिक जमा राशि की अनिवार्यता नहीं होना, मासिक औसत बैलेंस बनाए रखने की शर्त नहीं होना, अधिकतम दो लाख रुपये तक की बैलेंस सीमा, खाता बंद करने पर कोई शुल्क नहीं और क्यूआर कार्ड जारी करने पर भी कोई शुल्क नहीं शामिल है। इस पहल से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे महिला स्वयं सहायता समूहों को राहत मिलेगी, जो अक्सर बैंकिंग सुविधाओं तक सीमित पहुंच और अतिरिक्त शुल्क जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. विश्वेश्वरन ने इस अवसर पर कहा कि एसएचजी सेविंग्स अकाउंट महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्हें एक भरोसेमंद और किफायती बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इस खाते के माध्यम से स्वयं सहायता समूह औपचारिक वित्तीय तंत्र में अधिक सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि सतत आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता का नया मार्ग खोलेगी। इससे छोटे स्तर पर स्वरोजगार, बचत और सामुदायिक आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की यह नई पहल 'नारी सशक्तिकरण' और 'वित्तीय समावेशन' के सरकारी लक्ष्य को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## हज यात्रियों को ....

कहा कि सरकार ने अतिरिक्त वित्तीय दबाव को स्वयं संभालते हुए यात्रियों को कहीं अधिक बड़े बोझ से बचाया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और कानूनी तरीके से संपन्न की गई है, ताकि हज 2026 के लिए पंजीकृत एक लाख से अधिक यात्रियों की यात्रा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस मुद्दे पर कहा कि वे उन अनगिनत परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हैं, जिनके लिए हज यात्रा जीवन में एक बार पूरा होने वाला सपना होती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बातचीत और समन्वय के माध्यम से किराया वृद्धि को केवल 100 डॉलर तक सीमित रखा, जिससे प्रत्येक यात्री को उल्लेखनीय राहत मिली। किरण रिजिजू ने कहा कि यह निर्णय पूरी पारदर्शिता और सद्भावना के साथ लिया गया, ताकि हज 2026 की तैयारियों और संचालन में किसी तरह की रुकावट न आए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि आम श्रद्धालु आर्थिक बोझ के बिना अपनी धार्मिक यात्रा पूरी कर सकें। सरकार के इस कदम को हज यात्रियों के हित में बड़ा फैसला माना जा रहा है। इससे न केवल यात्रियों का आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि हज यात्रा को लेकर फैली आशंकाओं पर भी विराम लगेगा।

## जम्मू तक बढ़ी ....


बल्कि कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधा में भी बड़ा सुधार होगा। अब जम्मू से श्रीनगर तक का सफर पांच घंटे से भी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। ट्रेन जम्मू तवी से सुबह 6:20 बजे रवाना होगी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा, रियासी और बनिहाल स्टेशनों पर ठहराव करते हुए सुबह 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। यानी लगभग 4 घंटे 50 मिनट में यह यात्रा पूरी होगी। वापसी में ट्रेन दोपहर 2:00 बजे श्रीनगर से चलेगी और शाम 6:50 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी। इस तरह यात्रियों को एक ही दिन में आने-जाने की बेहतर सुविधा मिलेगी।

## 5 लाख 50 ....

रही है और रेलवे इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून पिछले वर्ष कटरा से कश्मीर तक वंदे भारत ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया था। तब से अब तक 5 लाख 50 हजार से अधिक यात्री इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं। ट्रेन लगातार फुल क्षमता के साथ चल रही थी, इसलिए यात्रियों की मांग को देखते हुए इसे जम्मू तक बढ़ाने और कोचों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## वैष्णो देवी और ...

और आधुनिक रेल सेवा के जरिए विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। वंदे भारत एक्सप्रेस के इस विस्तार को केंद्र सरकार की जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यात्रियों में भी इस नई सुविधा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।




हास्य कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

पापा अपने और मोनू के लिए पकौड़े लेकर आए। मोनू ने पापा को चकमा देकर सारे पकौड़े अकेले ही खा डाले। पापा जानते थे, मोनू इस तरह की शरारत कर सकता है, इसलिए उन्होंने उल्टे मोनू को चकमा दे दिया। जब मोनू अकेले सारे पकौड़े हड़प कर गया तो फिर पापा के पास पकौड़े कहां से आए?

# पकौड़ों का मजा



मोनू की मम्मी ऑफिस की ट्रेनिंग में भाग लेने एक सप्ताह के लिए कोलकाता गई हुई थीं। मोनू आज स्कूल नहीं गया था, कल शाम खेलते वक्त उसका पैर इस तरह मुड़ गया कि पैर में मोच आ गई थी। वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। उसके पापा किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। दोपहर के एक बजने वाले थे। मोनू को तेज भूख लग आई थी। उसने पापा को फोन किया, बोला, 'पापा जल्दी घर आ जाइए, मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।'

मम्मी के घर में न होने पर पापा ही इन दिनों खाना बनाते थे। थोड़ी बहुत मदद मोनू भी कर देता था। लेकिन आज पैर में तकलीफ होने के कारण वह पापा की मदद करने की स्थिति में नहीं था। पापा ने बाहर जाते समय जल्दी वापस आने की बात कही थी।

मोनू को भूख बर्दाश्त नहीं हो रही थी। थोड़ी देर बाद पापा घर आए तो उन्होंने अपने थैले से एक लिफाफा निकालकर मेज पर रखा, मोनू से बोले, 'बेटा, खाना बनाने में अभी समय लगेगा। मैं गर्मागर्म पकौड़े ले आया हूं। ताकि तुम्हें ज्यादा देर तक भूखा न रहना पड़े। पहले इसे खा लेते हैं फिर बनाते हैं खाना।'

पापा लिफाफा मेज पर रखकर कपड़े बदलने और मुंह-हाथ धोने चले गए। इस बीच मोनू ने फटाफट अपने हाथ धोए फिर तीन-चार पकौड़े लिफाफे से निकालकर पेट के हवाले कर दिए।

कुछ देर में पापा वापस आए और मोनू से बोले, 'चलो, हाथ धो लो फिर खाते हैं पकौड़े।'

मोनू ने बताया, 'पापा, हाथ तो मैंने धो लिए हैं। आप पहले रसोई से बड़ी प्लेट तो ले आएं। पकौड़े उसमें रखकर खाएंगे। वैसे प्लेट मैं ही ले आता, लेकिन मेरे पैर में दर्द हो रहा है।'

पापा प्लेट लेने गए तो मोनू ने फिर से पकौड़ों के लिफाफे पर धावा बोला और दो-तीन पकौड़े गपागप खा गया।

पापा बड़ी प्लेट लेकर आए तो उन्हें देखते ही मोनू ने फरमाइश की, 'पापा, दो छोटी प्लेटें भी ले आते तो अच्छा था। हम बड़ी प्लेट से अपनी-अपनी छोटी प्लेट में रखकर पकौड़े खाएंगे।'

मोनू की बात पापा को सही लगी। वे छोटी प्लेटें लेने गए तो मोनू से रहा न गया। उसने जल्दी-जल्दी दो-तीन पकौड़े और हड़प लिए। पापा दो छोटी प्लेटें लेकर आए तो मोनू बोला, 'पापा, पकौड़ों के साथ जो सबसे जरूरी चीज होनी चाहिए, वह तो यहां है ही नहीं!'

'क्या चीज बेटा?' पापा ने पूछा।

'पापा, भला टोमेटो सॉस के बगैर पकौड़े खाने का मजा कैसे आएगा!' मोनू ने जवाब दिया।

पापा टोमेटो सॉस लेने रसोई की तरफ गए तो मोनू फिर से अपने को रोक न सका। उसने लिफाफे से दो-तीन पकौड़े और उड़ा लिए।

पापा टोमेटो सॉस लेकर आ ही रहे थे मोनू फिर बोला, 'पापा, बस एक चीज और रह गई है। वह भी ले आएं तो फिर आराम से बैठकर पकौड़े खाएंगे।'

'अब क्या रह गया?' पापा की आवाज में हल्की-सी झुंझलाहट थी, क्योंकि उन्हें भी जोरों से भूख लग रही थी। मोनू बोला, 'पापा, बस दो गिलास पानी भी ले आएं। अगर पकौड़ों में मिर्च हुई तो पानी पीना पड़ेगा न! पानी आने के बाद खाते हैं ठाठ से पकौड़े।'

पापा जब तक पानी लेकर आए, तब तक कुछ और पकौड़े मोनू के पेट में समा चुके थे। पानी के गिलास मेज पर रखकर पापा ने मोनू और अपने सामने एक-एक छोटी प्लेट रखी और फिर बड़ी प्लेट में पकौड़े डालने के लिए लिफाफे की तरफ हाथ बढ़ाया। लिफाफे में हाथ डालते ही वे मुस्कुराए। मोनू हैरान था कि पापा मुस्कुरा क्यों रहे हैं? उसे तो उम्मीद थी कि पकौड़ों वाला लिफाफा खाली देखकर वे उस पर बहुत बिगड़ेंगे। तभी पापा बोले, 'मुझे पहले से ही पता था कि तुम पैर में लगी मोच का फायदा उठाकर इस तरह की कोई करस्तानी कर सकते हो। इसलिए मैं पहले से ही प्रबंध करके आया था। मेरे थैले में पकौड़ों का एक लिफाफा और भी है।' कहकर पापा जोरों से हंसने लगे।

मोनू ने अचरज से पूछा, 'लेकिन पापा, आपको कैसे पता था कि मैं ऐसी कोई शरारत करूंगा?'

मोनू का सवाल सुनकर पापा बोले, 'पापा हूं तुम्हारा! तुम्हारी रग-रग पहचानता हूं। और फिर बचपन में ऐसी शरारतें मैं भी तो किया करता था!'

सुनकर मोनू भी हंसने लगा। *

हास्य कथा

समीर गांगुली

लाल सिंह की बस खटारा जरूर थी, फिर भी सवारियां उसमें बैठतीं जरूर और हंसते-हंसाते अपना सफर तय करतीं। क्योंकि इसमें कोई ना कोई गुदगुदाने वाली घटना देखने को जरूर मिलती। लाल सिंह की बस में ऐसी ही एक दिन की मजेदार यात्रा।

# लाल सिंह की बस




लाल सिंह की एक बस है। उसका रंग नीला है। लाल सिंह हमेशा सफेद कपड़े और काली पगड़ी पहनते हैं। उनकी बस शिव मंदिर से लेकर घंटाघर के बीच चलती है। बीच में दस स्टॉप आते हैं। कभी-कभी बस यहां-वहां भी रुक जाती है। बस दस साल पुरानी है। बहुत शोर करते हुए चलती है बस। लोग इसे खटारा भी कहते हैं।

एक दिन लाल सिंह की बस में एक मदारी अपने दो बंदर और एक तोते के साथ आया। लाल सिंह ने बंदरों को देखा तो हंस पड़ा। बंदर भी दांत दिखाकर हंस दिए। हरे तोते ने जोर से टांय-टांय किया। तीनों शायद सभी बस की सवारियों को बता रहे थे कि वे पहली बार बस में बैठे हैं। बस चलाने से पहले लाल सिंह ने दोनों बंदरों को एक-एक केला दिया। तोते को कुछ नहीं दिया तो उसने इतना शोर मचाया कि एक लड़के ने अपनी जेब से एक पका पीला अमरूद निकाल कर उसे दे दिया। तोता अमरूद को कुतरने लगा। जब बस तीसरे स्टॉप पर जाकर रुकी तो कंडक्टर ने आवाज लगाई-'नानकसर... नानकसर।' यह सुनकर ऊंघता मदारी हड़बड़ाकर उठा और अपने बंदरों और तोते के साथ उतर गया। बस फिर से चल दी। थोड़ी देर बाद अगला स्टॉप आया। कंडक्टर ने आवाज लगाई, 'विद्या मंदिर के बच्चो, चलो उतरो, स्कूल आ गया।' पीली यूनिफॉर्म पहने चार बच्चे अपने बैग के साथ उतर गए। लेकिन इसके बाद बस आगे नहीं चली। लाल सिंह ने काफी कोशिश की, मगर बस नहीं चली। लाल सिंह ने पीछे मुड़कर देखा। सवारियां इशारा समझ गईं। छह जवान नीचे उतरे और बस को धक्का देने लगे। बस दो बार घू-घू करके बंद हो गई, मगर तीसरी बार में चल दी। बस के चलते ही कुछ नटखट बच्चों ने ताली बजा-बजा कर गाना शुरू कर दिया- 'चल पड़ी खटारा, चल पड़ी खटारा। लाल सिंह की खटारा। लाल सिंह की नीली खटारा।' फिर आ गया घंटाघर। आखिरी स्टॉप। सारी सवारियां उतर गईं। जब बस खाली हो गई तो लाल सिंह हमेशा की तरह अपनी बस से बातें करने लगा। उसने बस को गलतियों के लिए खूब डांट लगाई और जब गुस्सा शांत हुआ तो सॉरी भी कहा। यह देख बस में छिपा भूरा चूहा हो-हो करके हंस दिया। *

कविता / डॉ. सुरेंद्र विक्रम

## जान बचाकर भागा बंदर




ये हैं गेंडामल हलवाई
जिनकी सब मिल करें बड़ाई।
दस कुर्सी संग चार मेज से
एक बड़ी दुकान सजाई।
खोया, छेना, घी चीनी से
भांति-भांति की बनी मिठाई।
खुली सड़क है साफ जगह है
जिसे देख सब खुश हैं भाई।
तैर रही है घी के अंदर
छुन-छुन करती पड़ी जलेबी।
इसको खाना संभल-संभल कर
खूब चाशनी में जो डूबी।
भरे थाल में खूब सजाकर
इसके बगल रखा है पेड़ा।
बड़े शान से अकड़ रहा है
खबरदार! जो इसको छेड़ा।
बर्फी, कलाकंद दो बहनें
गजब स्वाद इनके क्या कहने
मुंह में आते ही घुल जातीं
वाह-वाह की याद दिलातीं।
छेना डूब गया है रस में
रसगुल्ला भी इसके बस में।
एक ओर लड्डू जी बैठे
रबड़ी और मलाई ऐंठे।
सब के सब शीशे के अंदर
देख रहा था दूर से बंदर।
गेंडामल को आई झपकी
तभी लार बंदर की टपकी।
था शरीर से हट्ठा-कट्ठा
उसने मारा एक झपट्टा।
लगा झपट्टा, टूटा शीशा
दूर जा गिरा बना पतीशा।
गेंडामल को गुस्सा आया
खींच जोर से लट्ठ जमाया।
जान बचाकर भागा बंदर
पहुंच गया जंगल के अंदर।।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## नन्हे ठहाके

गूंज रहे आंगन में
नन्हे ठहाके।
हमने तो खूब नए
खेल हैं रचे।
खेलों की टोली में
खेल न बचे।
फूल ज्यों झरते हैं
सारे जहां के।
टोली हमारी यूं
खिलखिल करे।
फूट गए मटके ज्यों
रस से भरे।
झूमें हम चिड़ियों से
मस्त चहका के।
खेलों की सरगम में
राग है नया।
छुम छनन अपना मन
डूब-सा गया।
खुशबू के गीत रचा
लाई बहा के।



## हंसगुल्ले



पप्पू (गप्पू से) : तुम्हारी बेतुकी बातें से मेरा दिमाग खराब हो गया है।
गप्पू : अरे! तब तो तुम्हें मेरे मामा जी के पास जाना चाहिए।
पप्पू : क्यों?
गप्पू : क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
-तान्या, बिलासपुर

रिंकी : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
पिंकी : गुलाबजामुन।

रिंकी : कैसे?
पिंकी : 'गुलाब जा मून' ...ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

मैथ्स टीचर : अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
सोनू : क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-तेजस, रोहतक

टीचर : सबसे ज्यादा ठंड कहां होती है?
रोहित : सर, फ्रीजर में।
-तनीषा, महासमुंद

बच्चो, हमारी डेली लाइफ में हंसने के बहुत फायदे हैं। हंसने के इसी महत्व को बताने के उद्देश्य से ही मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। तो इस लाफ्टर डे पर प्रॉमिस करो कि तुम खूब हंसोगे और अपने फ्रेंड्स, मम्मी-पापा, दादा-दादी या नाना-नानी को भी खूब हंसाओगे।




# खूब हंसो-खिलखिलाओ दूसरों को भी हंसाओ

एंज्वॉयमेंट

सरस्वती रमेश

बच्चो, एक बात बताओ, जब तुम कोई कॉमेडी फिल्म देखते हो या कोई करते हो? या फिर जब तुम्हारा कोई फ्रेंड मजेदार सा चुटकुला सुनाता है तो तुम क्या करते हो? खूब खिलखिलाकर हंसते हो न! हंसते हुए बहुत अच्छा फील होता है। हंसने का मजा तब तो और भी बढ़ जाता है, जब कई लोग साथ में मिलकर हंसते हैं। हंसने के बहुत सारे फायदे होते हैं। इसीलिए जब भी मौका मिले खूब हंसो, खिलखिलाओ और दूसरों को भी खूब हंसाओ।

**हंसना है बहुत जरूरी:** जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार और व्यायाम की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह मन को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए हंसना फायदेमंद है। हंसी हमारे मन-मस्तिष्क को तनावमुक्त रखती है। हंसना, हमारे लिए बेहद फायदेमंद तो है ही, यह हमें दूसरों से बॉन्डिंग स्ट्रॉन्ग करने और सबका फेवरेट बनाने में भी काफी मददगार है। इसलिए तुम्हें खुद तो हंसते-मुस्कुराते रहना ही चाहिए, साथ ही तुम्हें कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे तुम्हारे घर-परिवार, आस-पड़ोस में भी लोग हंसते-मुस्कुराते रहें।



**मम्मी-पापा को हंसाओ:** बच्चो, मम्मी-पापा के ऊपर घर की ढेरों जिम्मेदारियां होती हैं। सबका ध्यान रखते, सबकी जरूरतें पूरी करते हुए कई बार वे झुंझला जाते या तनाव में आ जाते हैं। काम के दवाब की वजह से उनका मूड अपसेट हो सकता है। ऐसे में कभी कोई अगर तुमसे रूठली बात करे या तुम्हें डांट दे तो इसका मतलब यह नहीं कि वे तुमसे प्यार नहीं करते! अगर कभी मम्मी या पापा का मूड ऑफ दिखे तो तुम्हें आगे बढ़कर उनसे प्यारी-प्यारी, हंसने-हंसाने वाली बातें करनी चाहिए। उन्हें अपने क्लास की या दोस्तों के साथ की कोई मजेदार बात बता सकते हो। इससे वे हंस पड़ेंगे और उनका मूड अच्छा हो जाएगा।



**हंसो-हंसाओ दादा-दादी के साथ:** बच्चो, पापा-मम्मी तो दिन भर अपने ऑफिस और घर के कामों में व्यस्त रहते हैं और तुम अपनी पढ़ाई में। ऐसे में दादा-दादी या नाना-नानी बोर होते रहते हैं। इसलिए दिन में जब भी तुम फ्री हो उनके पास पहुंच जाओ। उनको कोई जोक, कॉमिक स्टोरी सुनाओ या उनसे भी सुनाने को कहो। अपने स्कूल की मजेदार बातें भी उनसे शेयर कर सकते हो। इससे तुम्हारे संग वे भी खूब हंसेंगे-खिलखिलाएंगे।

**दोस्तों के संग करो कॉमिक मस्ती:** अपने आस-पड़ोस के दोस्तों या स्कूल के फ्रेंड्स के संग तो तुम अकसर कॉमिक मस्ती करते ही होगे। फ्रेंड्स के संग हंसते-हंसते लोटपोट होने में तो बहुत मजा आता है। लेकिन इस बात का भी तुमको ध्यान रखना चाहिए कि तुम्हारे फ्रेंड सर्किल में अगर कभी कोई फ्रेंड उदास दिखे या किसी बात पर तुमसे नाराज हो जाए तो तुम उससे दूर न रहो। उससे बात करो, सॉरी बोल दो। उसे अपने संग खेलने के लिए कहो। कोई मजेदार सा जोक सुना दो। फिर देखना, उसकी उदासी-नाराजगी दूर हो जाएगी। वह भी तुम्हारे संग खिलखिला कर हंस पड़ेगा। *

### हंसने के ये भी हैं फायदे

बच्चो, जब हम खुश होकर हंसते-मुस्कुराते हैं तो हमारी बॉडी में एंडॉर्फिन, डोपामिन, सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें हैप्पी हार्मोन या फील गुड हार्मोन भी कहा जाता है। इसके अलावा खुलकर हंसने से हमारे शरीर में कोर्टिसोल नामक स्ट्रेस हार्मोन का लेवल काफी कम हो जाता है। इसीलिए जब हम दिल खोलकर हंसते हैं तो हमारा स्ट्रेस कम होता है और हमारा मूड एकदम लाइट, पॉजिटिव एंड हैप्पी हो जाता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, बाल कथाओं की इस किताब 'मैं जीवन लाल हूं' में कुल 6 कहानियां संकलित हैं। इसके लेखक पवन कुमार वर्मा हैं। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र जीवन लाल हैं। पहली कहानी में नटखट जीवन लाल के बचपन की गुदगुदाती कहानी है, जबकि बाकी की पांच कहानियों में बड़ी उम्र के होकर भी भोली-भाली हरकत करने वाले जीवन लाल के मजेदार किस्से हैं।




पहली कहानी 'मैं जीवन लाल हूं' में तुमको यह पढ़कर बहुत मजा आएगा कि परीक्षा में फेल होने पर अपने पिताजी की डांट-मार से बचने के लिए जीवन लाल कहां छुप जाते हैं? और तब तो तुम अपनी हंसी रोक ही नहीं पाओगे, जब सारे गांव वाले चोर समझकर उनकी धुलाई कर देते हैं। 'जीवन लाल और गुलाब जामुन' कहानी में तुम पढ़ोगे कि एक भोज में निमंत्रण मिलने पर जीवन लाल अपनी पत्नी के लिए गुलाब जामुन ले जाने की कैसी योजना बनाते हैं? 'जीवन लाल और लाल मन की आलू टिक्की' कहानी पढ़कर तब तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे, जब अपने भांजों के साथ जीवन लाल आलू टिक्की की दुकान पर पहुंचते हैं और उसे परेशान कर देते हैं। 'जीवन लाल के जूते' भी बहुत मजेदार कहानी है। इसमें तुम पढ़ोगे कि जब जीवन लाल अपने दोस्त को देखने अस्पताल पहुंचते हैं तो उनके जूते कैसे गायब हो जाते हैं? और फिर जब जूते मिलते हैं तो उन्हें कितना शर्मिंदा होना पड़ता है? 'अतिथि देवो भवः' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि जीवन लाल समझदारी से कैसे शहर घूमने आए मेहमानों की मदद करते हैं? इसी तरह 'संदेह दूर हो गया' कहानी में तुम पढ़ोगे कि जीवन लाल का यह संदेह कैसे दूर होता है कि उनकी कोई चिंता नहीं करता है? ये कहानियां तुमको जरूर अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** मैं जीवन लाल हूं (बाल कथा संकलन), **लेखक:** पवन कुमार वर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## जीके क्विज-203



1. भारत के 95वें चेस ग्रैंडमास्टर कौन बन गए हैं?
2. राज्यसभा में तीसरी बार उपसभापति नियुक्त होने वाले पहले राज्यसभा सांसद कौन बने हैं?
3. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
4. कौन-सा संगठन विश्व धरोहर स्थलों की सूची तैयार करता है?
5. कार्लोस अल्कराज किस खेल के विश्वप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
6. सन 1857 की क्रांति में झांसी के क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. भूलभुलैया भारत के किस शहर में स्थित है?
8. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितनी झुकी हुई है?
9. भारत के किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है?
10. नेपाल में हिमालय पर्वत को किस नाम से जाना जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-203 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-202 का उत्तर :** 1 इंग्लैंड, 2. संजू सैमसन, 3. अशिम कुमार घोष, 4. असम, 5. ओजोन परत, 6. शेरशाह सूरी, 7. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 8. प्रोटीन, 9. उपराष्ट्रपति, 10. आयरन

**जीके क्विज-202 का सही उत्तर देने वाले :** जियाना शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, गौरव-ईमेल से, हंसिका-रायपुर, तेजस-महासमुंद, दिव्या-बिलासपुर, सचिन-रोहतक, काव्या-बालोद, सोनम-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां हंसते हुए जोकर और मंकी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में कुछ अंतर है। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.जोकर के हैट के निचले हिस्से की पट्टी, इसमें लगे फ्लावर का कलर अलग है। 2. जोकर की आईब्रो और हेयर का कलर अलग है। 3.जोकर की बो-टाई अलग कलर की है। 4.मंकी की बो-टाई का कलर अलग है। 5.जोकर की शर्ट में एक बटन कम है। 6.स्टेज में दिख रहे बॉल्स के कलर अलग हैं। 7.नीचे लेफ्ट साइड में बैलून अलग सीक्वेंस में रखे गए हैं। 8.नीचे राइट साइड वाले बैलून का कलर अलग है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे हंसते-खिलखिलाते बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र की दाईं तरफ कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।







उत्तर: 1-B, 2-D, 3-A, 4-C

स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई की गई, किसानों के लिए बड़ी राहत

# किसी भी समय, कहीं भी उतर सकता है सीएम डॉ. यादव का हेलीकॉप्टर... करेंगे उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। वे किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे।

मुख्यमंत्री यह भी देखेंगे कि शासन-प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानों को प्राप्त हो रही है या नहीं। आकस्मिक निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर किसी भी समय, कहीं पर भी उतर सकता है। मुख्यमंत्री ने किसानों की सहूलियत के दृष्टिगत गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है। केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं।


करोंद मंडी में बेचने के लिए लाया गया गेहूं।

### तौल कांटों की संख्या छह की

किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े। इसके लिए किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूं की तौल के लिए इंतजार नहीं करना पड़े] इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है। अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है।

### एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई

गेहूं के लिए एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूं की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिए बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, कूपन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिए उपार्जन केन्द्रों पर प्रतिदिन, प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है, इसे जिले और अधिक बढ़ा कर प्रति केन्द्र 3000 क्विंटल कर सकते हैं।

### शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग

किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिए प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। किसानों के हित में सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार किए गए पोस्टर एवं बैनर उपार्जन केन्द्रों में लगाए गए हैं। अब तक 5 लाख से अधिक किसानों से हुई 22.70 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जाएगी। अभी तक प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 9.83 लाख किसानों की ओर से 60.84 लाख मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए जा चुके हैं।

**22 लाख 70 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन:** प्रदेश में अभी तक 5 लाख 8 हजार 657 किसानों से 22 लाख 70 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। इसके लिए किसानों को 3575.11 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था।

### पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री समेत तीन अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** इंदौर में ठेकेदार से रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन अधिकारियों पर आखिरकार विभाग ने कार्रवाई कर दी है। करीब एक सप्ताह बाद जारी आदेश में प्रभारी कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम, उपयंत्री अंशु दुबे और टीके जैन को निलंबित कर दिया गया है। तीनों को फिलहाल ग्वालियर कार्यालय में अटैच किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देशों के बाद की गई है और जल्द ही इंदौर संभाग-1 में रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की जाएंगी। दरअसल, 21 अप्रैल को लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीनों अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। सोहागपुर (पीथमपुर) निवासी ठेकेदार राजपाल सिंह पंवार ने शिकायत की थी कि सड़क निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी उसके करीब 30 लाख रुपए के बिल का भुगतान रोका गया था और इसके एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर ट्रैप कार्रवाई की। ठेकेदार रकम देने पहुंचा। जैसे ही पैसे दिए गए, टीम ने कार्रवाई की। एसडीओ और एक उपयंत्री को कार्यालय से, जबकि कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम को निवास से गिरफ्तार किया गया।

■ इंदौर में रिश्वत कांड

बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का बढ़ता प्रभाव, जन भागीदारी से निर्मित प्रथम संयंत्र का श्रेय मप्र को: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

# जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धि: खरगोन जिले में 271 करोड़ रुपए की लागत से बने 60 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जलूद सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण मप्र के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है। यहां सूर्य के प्रकाश को बिजली के रूप में बदलकर इंदौर नगर निगम लाभान्वित हो रहा है। लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है। ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से इस परियोजना में देश की जनता को भागीदार (पार्टनर) बनाया है। पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मप्र को जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संयंत्र का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में कोई भी व्यक्ति एक-एक लाख के 10 बॉन्ड खरीद सकता है। एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा। अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है।


जलूद सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण करते सीएम डॉ. यादव

### हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है। मप्र सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य है। हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है। जलूद सोलर पॉवर प्लांट का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में किया था। लोकार्पण अवसर पर प्रदेश में हरित ऊर्जा पर जारी कार्यों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट से दोहरा लाभ मिलेगा। इंदौर नगर निगम को बिजली तो मिलेगी ही, साथ में कार्बन उत्सर्जन भी कमी आएगी। ग्रीन एनर्जी का नवाचार सर्वोत्तम है। इस परियोजना की लागत 10 साल में निकल जाएगी, अगले 10 साल सिर्फ लाभ के होंगे।

### महेश्वर-मंडलेश्वर क्षेत्र ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर-मंडलेश्वर क्षेत्र ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा है। महर्षि मंडन मिश्र के नाम से प्रसिद्ध इसी क्षेत्र में उनका शंकराचार्य से शास्त्रार्थ हुआ था, तब मंडन मिश्र ने अपनी पत्नी को न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी थी। यह घटना देश के इतिहास में नारी सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक माता अहिल्या बाई होल्कर ने कठिन दौर में भी देशभर के सनातनी मंदिरों को भव्यता के साथ विकसित किया। प्रदेश में गेहूं का उपार्जन कार्य व्यवस्थित रूप से हो रहा है। हमारी सरकार ने 2 साल में गेहूं का भाव 400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बढ़ाकर किसानों को लाभ दिया है।


जलूद सोलर पावर प्लांट

उद्योगों के विस्तार को मिलेगा सशक्त आधार

### मुख्यमंत्री 2 मई को इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का करेंगे भूमिपूजन

मप्र में औद्योगिक प्रगति को नई गति देने और निवेश के लिए दीर्घकालिक आधार तैयार करने की दिशा में इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रथम चरण एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 मई को इस परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन करेंगे। यह कॉरिडोर केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक संरचना को अधिक संगठित, सक्षम और निवेश का आदर्श गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण, नीति समर्थन और बेहतर कनेक्टिविटी पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

#### विकास के लिए 2360 करोड़ का प्रावधान किया

*इंदौर-पीथमपुर इकॉनामिक कॉरिडोर 20.28 किमी लंबाई में फैलाव के साथ इन्दौर एयरपोर्ट के समीप सुपर कॉरिडोर को पीथमपुर निवेश क्षेत्र से सीधे जोड़ेगा। परियोजना का विस्तार 1316 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसके समुचित विकास के लिए कुल 2360 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अधोसंरचना की दृष्टि से 75 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर बफर जोन विकसित किया जाएगा, जो इस कॉरिडोर को आधुनिक, सुरक्षित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तार योग्य स्वरूप प्रदान करेगा।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की बैठक में समीक्षा

### फूलों की खेती के लिए उज्जैन में खुलेगा सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्यानिकी फसलें छोटी जगह से बड़ी कमाई करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए। किसानों को सीज़नल और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए जैविक (प्राकृतिक) खाद का उपयोग कर जैविक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की वास्तविक आय बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विभागीय संचालित योजनाओं की प्रगति और हितग्राहियों को लाभ प्रदाय पर गहन चर्चा की गई।

#### हर साल नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहे: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर साल नए-नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहे हैं। इनमें देशी, आयुर्वेदिक दवाईयों की आपूर्ति में प्रदेश की औषधीय फसलों एवं उप-उत्पादों का भरपूर उपयोग किया जाए। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ- 2028 के मद्देनजर उज्जैन में फूलों की खेती को प्रोत्साहन एवं विस्तार किया जा रहा है। उज्जैन में सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर की स्थापना की जा रही है। सेंटर स्थापना के लिए उज्जैन शहर के पास एक गांव में 19 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है।*



## पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में 'चिंतन शिविर' आयोजित



**हरिद्वार।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पदाधिकारियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित कीयअ जा रहा है। इस शिविर का आयोजन मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और सशक्तीकरण के उद्देश्य से किया गया, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के प्रधान सचिव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और जनजातीय क्षेत्र के अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने मुख्य अतिथियों का स्वागत शॉल, माला और स्मृति चिह्न भेंट करके किया। शुभारम्भ दीप प्रज्वलन, राष्ट्रीय गीत और डॉ अर्चना तिवारी व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। भारत सरकार के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि हमारे देश की जनजातीय समुदायों की संस्कृति, परंपराएँ और जीवनशैली बेहद समृद्ध हैं।

## प्रियांशु को सीयूईटी पीजी (अंग्रेजी) में देश में तीसरा स्थान




**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटी विश्वविद्यालय) की छात्रा प्रियांशु ने सीयूईटी पीजी 2026 (अंग्रेजी) में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंसेज एंड लिबरल आर्ट्स, एसजीटी विश्वविद्यालय, अपनी छात्रा प्रियांशु की उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करता है। बीए (ऑनर्स) अंग्रेजी (2022–25 बैच) की स्नातक प्रियांशु ने सीयूईटी पीजी 2026 की अंग्रेजी प्रवेश परीक्षा में 300 में से 260 अंक प्राप्त करते हुए, कुल 16,361 अभ्यर्थियों में से अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उनकी निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। प्रियंशु अपने बैच की स्वर्ण पदक विजेता भी रही हैं, जो उनके पूरे स्नातक काल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। उनकी सफलता साहित्यिक अध्ययन के प्रति गहरी रुचि, मजबूत विश्लेषणात्मक क्षमता और निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में बोले सीएम

## हरियाणा में सेवाएं डिजिटल, ई-संजीवनी से मरीजों को मिल रहा ऑनलाइन परामर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सीधा जोड़ा जा रहा है। मरीजों को अब घर बैठे उपचार की सुविधा मिल रही है। यह बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कही। मुख्यमंत्री वीरवार को चंडीगढ़ में स्वास्थ्य क्षेत्र की अनुकरणीय पहलों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केयर कम्पैनियन प्रोग्राम के तहत 188 केंद्रों पर मरीजों के परिजनों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें व्हाट्सएप आधारित मोबाइल केयर सर्विस से भी जोड़ा गया है।

■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे




डिजिटल हेल्थ सेवा 'ई-संजीवनी' के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रतिदिन 2,200 से अधिक टेली-परामर्श दिए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे परामर्श मिल रहा है। टीकाकरण और वैक्सीन सप्लाई चेन को पूरी तरह डिजिटल किया गया है, जिससे शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित हुआ है। इस मौके पर प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सहित वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

राज्य सरकार पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

# मप्र में गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई, किसान भारी परेशानी में : पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं।



पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले खरीदी की तारीख बढ़ाती रही और अब स्लॉट बुकिंग की समय-सीमा बढ़ाकर किसानों को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा खरीदी तंत्र विफल हो चुका है। कांग्रेस के अनुसार, मौजूदा धीमी गति से खरीदी जारी रही तो सरकार को अपने घोषित 100 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य को पूरा करने में लगभग 140 दिन लगेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुमानित 245 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन के बावजूद सरकार ने 50 प्रतिशत से भी कम खरीदी का लक्ष्य रखा है, जो किसानों के साथ अन्याय है।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी में फर्जीवाड़े का आरोप

पटवारी ने कहा कि भिंड, मुरैना और राजगढ़ जिलों में ऐसे लोगों के नाम पर पंजीयन हुआ जिनके पास जमीन तक नहीं है, जबकि असली किसानों की जमीन का उपयोग कर फर्जी किसान बनाए गए। उन्होंने कहा कि सरकार 2625 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रही है, जबकि बाजार में गेहूं का भाव 1800 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक है। इस अंतर का फायदा उठाकर करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई है।

### मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही

पटवारी ने आरोप लगाया कि खरीदी में देरी के कारण किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। भंडारण की व्यवस्था न होने से किसान अपना अनाज लंबे समय तक नहीं रख पा रहे हैं और मंडियों में खुली लूट का सामना कर रहे हैं। मूंग खरीदी को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि अब तक कोई स्पष्ट नीति घोषित नहीं की गई है।

## यूसीसी से लेकर महिला आरक्षण तक सरकार पर बरसे सिंघार

भोपाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर कहा कि सरकार संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ काम कर रही है। सिंघार ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि दलित और आदिवासी वर्ग यूसीसी के दायरे में आएंगे या नहीं। उन्होंने 7 सदस्यीय कमेटी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या यह कमेटी तय करेगी कि कौन इसमें शामिल होगा और कौन नहीं। उनका कहना था कि सरकार को कमेटी बनाने के बजाय प्रदेश की जनता से आम राय लेनी चाहिए।



**अभियुक्त व्यक्तिय की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

गेरे रागक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश पुत्र राग बहादुर, पताः ए–24, बुद्ध विहार, मुनरिका, आर.के. पुरम, नई दिल्ली ने एफआईआर सं. 21367/2020 धारा 379/411/34 आईपीएस के तहत थानाः ओखला इंडिस्ट्रयल एरिया, साउथ–ईस्ट डिस्ट्रिक, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 21367/2020 धारा 379/411/34 आईपीएस के तहत थानाः ओखला इंडिस्ट्रयल एरिया, साउथ–ईस्ट डिस्ट्रिक, नई दिल्ली के उक्त प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
आकांक्षी गौतम
न्यायिक दण्डाधिकारी–02, प्रथम श्रेणी
दक्षिण पूर्व, कमरा नं. 513,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/5649/SE/2026

## चिंतन

# अब अमेरिका-ईरान में सोशल मीडिया पर जंग

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ा टकराव अब सिर्फ सैन्य या कूटनीतिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई जंग के रूप में सामने आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाज़ी इस बात का संकेत है कि आधुनिक युद्ध का एक बड़ा हथियार अब शब्द, तस्वीरें और डिजिटल संदेश बन चुके हैं। ट्रंप की हालिया पोस्ट जिसमें "तूफान आने वाला है" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश है। इससे पहले भी वे अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर चुके हैं, जिसमें वे एक असॉल्ट राइफल पकड़े हुए हैं और साथ में लिखा है, 'अब और नहीं, मिस्टर नाइस गाय'। यह भाषा दर्शाती है कि वे खुद को आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तविक ताकत का प्रदर्शन है या कमजोर पड़ती रणनीति को छिपाने का प्रयास? ट्रंप वैसे भी सोशल मीडिया पर प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए जाने जाते हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी ट्रंप ने कई बार कहा कि इस जंग में कई विमान मार गिराए हैं, लेकिन कभी यह नहीं बताया कि ये लड़ाकू विमान किसके थे। अब करीब सालभर बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि इस युद्ध में पाकिस्तान के 11 फाइटर जेट क्रैश हुए थे। ऐसे दावे न केवल भ्रम फैलाते हैं, बल्कि सुरक्षाबलों के मनोबल को कमजोर करते हैं। ईरान युद्ध में ट्रंप जिस तरह से बैकफुट पर दिख रहे हैं, उससे साफ है कि अब उनके हाथ में बहुत पत्ते नहीं रह गए हैं। अपनी आदत के अनुरूप वह युद्ध में खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं, इसलिए सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। पेजेश्कियान का बयान कि अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी असफल होगी, सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उन्होंने 'नेशनल पर्शियन गल्फ डे' के मौके पर कहा कि इस तरह की नाकाबंदी अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। यह जल्द ही 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता मुर्तजा खामेनेई ने भी अमेरिका को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि फारस की खाड़ी में उनके लिए जगह केवल समुद्र की तलहटी है। वहीं, स्वतंत्र पर्यवेक्षकों का कहना है कि ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसिस को भारी नुकसान पहुंचाया है और उसके सभी हथियारों को नष्ट कर दिया है। इन बेसिस को दोबारा बनाने में अरबों डॉलर खर्च होंगे। अब अमेरिका यहां यूरोप और एशिया से हथियार ला रहा है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को कमजोर समझकर बहुत बड़ी गलती कर दी है। ईरानी नेतृत्व अब ट्रंप के दावों का मजाक उड़ा रहा है और तंज कस रहा है कि होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया को नुकसान हो रहा है। आखिरकार, सवाल यह उठता है कि क्या सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही यह जंग किसी वास्तविक समाधान की ओर ले जाएगी, या सिर्फ हालात को और बिगाड़ेगी? आज जरूरत है संयम और जिम्मेदार कूटनीति की, क्योंकि डिजिटल दुनिया में बोले गए शब्द भी कभी-कभी असली गोलियों से ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं।

# घुसपैठ से मुक्ति के लिए बदलाव की लहर



बंगाल चुनाव
प्रमोद भार्गव

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

इस बार पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। दरअसल असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। कई जिलों में मुस्लिमों की आबादी 90 से 95 फीसदी तक पहुंच गई है। इन बदतर हुए हालातों के प्रति नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मतदाताओं को जागरूक किया। हिंदू संदेशखाली और आरजीकर में हुए महिला दुष्कर्मों के चलते ध्रुवीकृत हुए। भाजपा ने इन मुद्दों को भुनाने की दृष्टि से आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई डॉक्टर की मां रत्ना देबनाथ को और संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्र को उम्मीदवार बनाया था। इन महिलाओं की उम्मीदवारी से बंगाल की महिलाओं में संवेदना जगी और बदलाव की लहर बनाने में उनकी प्रमुख भागीदारी रही। इन सब बिंदुओं के उभार ने बंगाल में कुल मतदान को 92.47 प्रतिशत तक पहुंचाकर लोकतंत्र की गरिमा को महिमामंडित करने का काम कर दिया। इसी का परिणाम है कि छह में से पांच एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं।

ये पोल असम में दूसरी बार भाजपा को एकतरफा जीत का ऐलान कर रहे हैं। वहीं, तमिलनाडु में द्रमुक की जीत लगभग तय है। केरल में कांग्रेस को हरी झंडी दिखाई है। पुडुचेरी में भाजपा को कांग्रेस से बहुत आगे बता दिया है। अर्थात पांच राज्यों में से तीन में भाजपा का डंका बजने जा रहा है। मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्षन लिया। इस कारण लंबे समय तक अराजक तत्वों द्वारा मतदान रोकना संभव नहीं हो पाया। किसी भी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही केंद्रीय बलों के जवान उसे नियंत्रित करने में सफल दिखे। पहली बार अमल में लाई गई त्वरित प्रतिक्रिया दल ने भी अपने दायित्व का पूर्ण रूप से दायित्व का पालन किया। बावजूद सच्चाई का पता चार मई को आने वाले परिणामों से ही चलेगा। बंगाल के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि न तो बमों के धमाके हुए और न ही बंदूकों से गोलियां गरजीं। अतएव न रक्त बहा और न ही कोई मौत हुई। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो स्वतंत्र मतदान शांतिपूर्ण रहा। ऐसा 2.40 लाख सैन्य बलों की तैनाती के चलते संभव हुआ, इसीलिए बंगाल में पहली बार लगा कि सही मायनों में लोकतंत्र के इस पर्व में सभी समुदाय के लोग सद्भाव के साथ शामिल हुए है। बावजूद बौद्धिक पाखंडी बढ़े मतदान को ममता की वापसी बता रहे हैं। इस बार बंगाल में पिछली बार की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। ये वोट भाजपा के पक्ष में जाते दिख रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के जरिए भी घुसपैठ करके अवैध मतदाता बने करीब 92 लाख मतदाताओं को मत से वंचित कर दिया है। इनमें से बढ़ा प्रतिशत



तृणमूल के समर्थकों का रहा है, क्योंकि ये लोग जानते थे कि भाजपा आई तो बंगाल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए मुस्तैद हो जाएगी। भाजपा चूंकि वामदलों की तरह अनुशासन कार्यकर्ताओं का राजनीतिक दल है। संघ के जमीनी स्वयंसेवकों का भी उसे सहयोग मिलता है। ये लोग अपने दल का अस्तित्व बनाए रखने की चिंता के चलते पार्टी के हितों की रक्षा करने को तत्पर रहते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश है, वहीं एग्जिट पोल अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने का प्रयास है। एग्जिट पोल मतदान के चलते कराए जाते हैं, इसलिए ये वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान माने जाते हैं। अतएव कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्ट और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरूकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तोलना बड़ी भूल होगी? सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है। मध्यप्रदेश विधानसभा-2023 के चुनाव में लाडली बहना योजना के चलते महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया था, जो भाजपा के पक्ष में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसलिए मध्यप्रदेश में भाजपा चुनाव जीत पाई थी। पारंपरिक नजरिए से मतदान में बड़ी रुचि को सामान्यतः एंटी इनकमबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनावों में बदली है। 2023, 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई, जबकि बंगाल में 2011 में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी। गोया, चुनाव विश्लेषकों और राजनीतिक दलों को अब किसी मुगालते में रहने की जरूरत नहीं है। मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं। बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर देता है।

हालांकि हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। बढ़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण है, जिसके चलते एग्जिट पोल एकतरफा नहीं रह गए हैं, क्योंकि इसके सर्वे के नमूने का प्रतिशत बहुत कम होता है। गोया, इस आधार पर बड़े मतदाता समूह की मंशा की पड़ताल करना और व्यावहारिक नतीजे पर पहुंचना बहुत कठिन काम है। वैसे भी अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रही हैं। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी न किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, जिसे तटस्थ नहीं कहा जा सकता है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जन्मदिवस विशेष

शरद मिश्रा

# सर्वप्रिय सबके प्यारे मोहन भैय्या

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि समूचे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता-जनार्दन के लिए संकल्प, समर्पण और समाधान की एक सटीक मिसाल हो सकते हैं। पिछले करीब 40 सालों से जनता में दुःख दर्द में हमेशा काम आने वाले एक सर्वप्रिय नेता की छवि कायम रखते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने देश के अन्य नेताओं को अपने संकल्प, समर्पण से ज़नहित पर समाधान की जो राह दिखाई है वो अद्भुत, अविश्वसनीय और अविस्मरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल यानी सब के प्यारे मोहन भैय्या लोकतंत्र का संकल्प, समर्पण और सम्पूर्ण समाधान हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगातार 8 बार के विधायक, (1989 से 2023) तक साथ ही हर बार पिछले बार से ज्यादा वोट मार्जिन से जीतना कोई आसान काम नहीं है। 1989 में ही अपने पहले निर्वाचन में अविभाजित मध्यप्रदेश की तत्कालीन सुंदर लाल पटवा की भाजपा सरकार में स्थानीय शासन मंत्री बने बृजमोहन अग्रवाल को अविभाजित मध्यप्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान भी हासिल हुआ। देश में ऐसे कुछ नेता,जनप्रतिनिधि अवश्य हैं, जो अपने निर्वाचन क्षेत्र से पिछले 20, 30 सालों से लगातार जीतते आ रहे हों लेकिन उनके और रायपुर के बृजमोहन अग्रवाल के चमत्कारिक राजनैतिक उत्कर्ष- वैभव की बात करें तो हमें मिलेगा कि बिना किसी जोर दबाव, दबंगई के जनता के मन मस्तिष्क यानी जेहन में जो स्थान बृजमोहन अग्रवाल ने बनाया है वो देश के अन्य नेताओं के लिए अनुकरणीय हो सकता है। सबके प्रति प्रेम, सहयोग, दोस्ती, मित्रता का भाव बृजमोहन अग्रवाल के व्यक्तित्व की सबसे अहम खासियत है, उसमें समय के साथ लगातार और निखार भी आता जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल 65 पार हो चुके हैं लेकिन ऊर्जा और सक्रियता पर अभी भी 40 के बांके जवान को मीलों पीछे छोड़ देंगे। उनमें अभी भी 15 साल की राजनैतिक मेहनत और सक्रियता पूरी तन्मयता से बाकी है। आधी रात में भी जनता को मदद करने में हमेशा से आगे रहने वाले आपके, हमारे ही नहीं बल्कि सबके मोहन भैय्या यानी बृजमोहन अग्रवाल रायपुर से 2024 की लोकसभा में सांसद बनने के बाद छत्तीसगढ़ पर संसद में लगातार सवाल उठाकर विकसित छत्तीसगढ़ पर केंद्र की मोदी सरकार के लिए और पुख्ता आधार तैयार करने में प्रबल सहयोग कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ पर महीन से महीन बारीक जानकारी रखते हुए उसे राज्य के विकास के लिये बेहतर से बेहतर ढंग से क्रियान्वित करना कोई मोहन भैय्या से सीखे। पत्रकारिता जगत में पत्रकारों के बीच मित्रवत व्यवहार मोहन भैय्या के अंदर पत्रकारिता कौशल का कुशल परिचायक है। खबरों को विषय वस्तु के साथ सटीक ढंग से संपादित करना शायद बृजमोहन अग्रवाल जी से आज के पत्रकारों को सीखना चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल जी की पत्रकारों से दोस्ती भी पूरे देश में चर्चित है। संसद सत्र के दौरान पत्रकारों की बृजमोहन अग्रवाल के नाम पर उत्सुकता इसका प्रमाण है,और मैं इसका प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। चेन्नै, हैदराबाद से दिल्ली होते हुए बनारस, लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल, रायपुर के पत्रकारों में बृजमोहन जी को लेकर एक विशेष लगाव और प्यार देखने को मिलता है।

अविभाजित मध्यप्रदेश में 80 के मध्य दशक में रायपुर शहर की एमजी रोड में कॉंग्रेस के तत्कालीन कद्दावर मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को काले झंडे दिखाकर मनमानी सत्ता के खिलाफ़ अपने अंदर के गुस्से को ज़ाहिर करते हुए जन-मानस में अपने अंदर के नेता को प्रतिष्ठित करने वाले मोहन भैय्या ने 2000 में मध्यप्रदेश की दिग्विजय सिंह सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ के हीरा खदानों को विदेशी कंपनी डिबियर्स को देने का पुरजोर विरोध किया और नतीजन कंपनी के अफसरों को रायपुर एयरपोर्ट से ही वापस लौटना पड़ा। बृजमोहन अग्रवाल को कृषि विभाग का नेतृत्व मिलते ही वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में निरंतर तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस वर्ष ही बृजमोहन अग्रवाल को व्यक्तिगत तौर पर एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड से नवाजा गया। बृजमोहन अग्रवाल के अब तक के अन्य कार्यों में रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, 65,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला भारत में दूसरा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम का रायपुर में निर्माण हुआ। इसके साथ पर्यटन के क्षेत्र में राज्य के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का विकास एवं विभिन्न मोटलों का निर्माण, राज्य के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में होने वाले बड़े-बड़े मेलों को महोत्सव का स्वरूप दिलाने के साथ-साथ राज्य के त्रिवेणी संगम राजिम में विशाल कुम्भ मेले की शुरूआत करना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

युवा पीढ़ी में सार्थक व रचनात्मक राजनीति के प्रति रूझान पैदा करते हुए उनकी अध्ययनशीलता को प्रोत्साहन देने में मोहन भैया की रूचि जग जाहिर है। देर रात तक देश दुनिया और राज्य में जारी राजनैतिक और सामाजिक गतिविधियों का अध्ययन करना बृजमोहन अग्रवाल का दैनिक शगल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भागीदारी करते हुए राजनीतिक चेतना का विकास करना बृजमोहन अग्रवाल की बौद्धिक विशेषता है। ऐसी लगातार सक्रियता और प्रभावशाली कार्य प्रणाली ही बृजमोहन अग्रवाल यानी मोहन भैया को पूरे प्रदेश का सबसे लोकप्रिय जननेता बनाती है।

रायपुर की हर धड़कन के साथ हर पल खड़े रहे उसके अपने बृजमोहन भैया रायपुर के आत्मविश्वास और साहस भी हैं। रायपुर की हँसी, रुदन और नील नील अंबर में दूर दूर तक फैली खुशहाली भी हैं। रायपुर के सरकारी दफ्तरों की फाइल में लोककल्याण की महकती सोंधी सोंधी खुशबू हैं। चाह और फर्ज के बीच रायपुर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में फैला मोहन भैया का नूर सांसद बनने के बाद अब समूचे देश में भी जगमगाए। असीम शुभकामनाओं के साथ।

# समत्वं योग उच्यते




संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## मई दिवस

बिहार के पटना में गुरुवार को लेबर डे, जिसे मई दिवस भी कहा जाता है, की एक शाम पहले एक ईंट फैक्ट्री में मजदूर ईंटें ढोते हुए।



## आज की पाती

### विरोधाभासों से परिपूर्ण है ट्रंप की बयानबाजी

अमरीकी राजनीति में बयानबाजी हमेशा से तीखी रही है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दौर में यह प्रवृत्ति एक नए स्तर पर पहुंच गई है। ट्रंप की सोशल मीडिया गतिविधियां अक्सर अचानक, विरोधाभासी और वैश्विक असर डालने वाली होती हैं। एक दिन वे किसी देश की प्रशंसा करते हैं, तो अगले ही दिन उसी देश की आलोचना कर देते हैं। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड, ईरान और यहां तक कि यूरोपीय सहयोगियों के संदर्भ में भी देखा गया है। हाल के वर्षों में ट्रंप के बयानों और नीतियों में यह अस्थिरता और स्पष्ट दिखी है। उदाहरण के लिए, उन्होंने पहले भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की बात कही, वहीं दूसरी ओर कुछ पोस्ट्स और बयानों में भारत की नकारात्मक छवि को बढ़ावा देने वाले विचारों का समर्थन भी किया। इस तरह की बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

*- सुभाष तिवारी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

### अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर की प्राचीन वस्तुएं लौटाई

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटायी हैं और कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। इस पर अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था।



यह अवलोकितेश्वर प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के संग्रह में शामिल हो गई थी। इस प्रतिमा को संग्रहालय से चुरा लिया गया और 1982 तक अमेरिका तस्करी कर ले जाया गया। अंततः 2014 तक यह न्यूयॉर्क के एक निजी संग्रह में पहुंच गई। 2025 में मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय ने इस कांस्य कलाकृति को उस संग्रह से खोजकर जब्त कर लिया।

## ऑफ बीट

### आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।



## ट्रेंड

### स्नातक होने पर बधाई



पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ उत्तर भारत का प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है और अपने स्नातकों के लिए गर्व का स्रोत है। आप सभी को स्नातक होने पर हार्दिक बधाई।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मुफ्त एलपीजी कनेक्शन



समाजवादी पार्टी के ज़माने में लोग केरोसिन की कालाबाज़ारी करते थे, और कांग्रेस के शासनकाल में तो एलपीजी सिलेंडर बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। आज देश में 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र


### महिला आरक्षण का समर्थन



लंबे संघर्षों के बावजूद राजनीति में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल के तहत संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया है, जो बेहद खेदजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है; बीएसपी महिला आरक्षण का समर्थन करती है।

- **मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

### सरकार की साख गिरी



श्री गंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहानी पर आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा किया गया हमला राज्य में बढ़ती अराजकता का प्रतीक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए; जनता के बीच सरकार की साख तेजी से गिर रही है।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस, फैसला सुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस देखने को मिली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के खिलाफ कथित मानहानिपूर्ण टिप्पणियों के मामले में शीर्ष अदालत ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति जे.के. महेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल चंदुरकर की पीठ ने खेड़ा की याचिका पर सुनवाई की। कांग्रेस नेता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा, जबकि असम सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश कीं।

**पवन खेड़ा कोई आदतन अपराधी नहीं:** सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व मामला है और इसमें गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा कोई 'हार्डन्ड क्रिमिनल' यानी आदतन अपराधी नहीं हैं। उनके खिलाफ मुख्य आरोप मानहानि और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने से जुड़े हैं, जिनमें न तो गिरफ्तारी की जरूरत है और न ही कस्टोडियल इंटरोगेशन की। सिंघवी ने अदालत में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि अंततः दोषसिद्धि भी हो जाए, तब भी गिरफ्तारी की आवश्यकता कहां बनती है? उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की भाषा ऐसी नहीं होनी चाहिए कि डॉ. भीमराव आंबेडकर भी उसे सुनकर विचलित हो जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री को 'बॉस ऑफ द बॉस ऑफ द बॉस ऑफ द प्रॉसिक्यूटर' बताते हुए मामले को राजनीतिक दबाव से प्रेरित बताया।

**राज्य सरकार ने कहा, कस्टोडियल पूछताछ जरूरी:** वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि पवन खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों के समर्थन में जो दस्तावेज और तस्वीरें पेश की गईं, उनके स्रोत का पता लगाने के लिए कस्टोडियल इंटरोगेशन आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि असम विधानसभा चुनाव के दौरान "विदेशी तत्वों के हस्तक्षेप" की आशंका है और यह जानना जरूरी है कि ये दस्तावेज कहां से आए। मेहता ने यह भी आरोप लगाया कि पवन खेड़ा जांच से बचने के लिए 'फरार' रहे हैं।

**गौहाटी हाईकोर्ट ने खारिज की थी याचिका:** पवन खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख तब किया, जब पिछले सप्ताह गौहाटी हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि खेड़ा 'फ्लाइट रिस्क' हैं और उनके खिलाफ गंभीर आरोप हैं, जिनमें धोखाधड़ी और जालसाजी भी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने यह भी माना था कि कथित टिप्पणियां किसी राजनीतिक व्यक्ति नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की पत्नी जैसे निजी व्यक्ति के खिलाफ थीं, इसलिए उन्हें केवल 'राजनीतिक बयानबाजी' नहीं माना जा सकता।

**क्या है पूरा मामला:** यह मामला 4 अप्रैल को हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ा है, जिसमें पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी सरमा के पास तीन देशों के पासपोर्ट हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि दुबई में उनकी कई लग्जरी संपत्तियां हैं, जो अमेरिका के एक राज्य में पंजीकृत कंपनी के नाम पर दर्ज हैं।

खेड़ा ने रिनिकी सरमा पर कथित अवैध गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया था। हालांकि, सरमा परिवार ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें 'एआई जनरेटेड फर्जी दस्तावेज' बताया था, जिन्हें पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूहों द्वारा फैलाया गया। इसके बाद गुवाहाटी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**पहले भी पहुंच चुके हैं सुप्रीम कोर्ट:** यह दूसरा मौका है जब पवन खेड़ा इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इससे पहले 17 अप्रैल को भी शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक हटाने से इनकार कर दिया था।

उस आदेश के कारण असम पुलिस उन्हें तत्काल गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मामला कानूनी के साथ-साथ राजनीतिक रूप से भी काफी संवेदनशील माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अनिल समूह से जुड़े घोटाले पर 8 मई को सुनवाई

**मुंबई।** अनिल धीरूभाई अंबानी समूह से जुड़े कथित बड़े बैंकिंग घोटाले के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने



सुनवाई को 8 मई तक टाल दिया है। यह मामला हजारों करोड़ रुपए के कथित लोन फ्रॉड से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसे पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा ने दायर किया है। 40,000 करोड़ के बैंक लोन में धोखाधड़ी का केस है।

### करिश्मा के बच्चों को राहत संपत्ति लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिवंगत संजय कपूर की संपत्ति से जुड़े एक अहम मामले में बॉलीवुड



अभिनेत्री करिश्मा कपूर के बच्चों को बड़ी अंतरिम राहत प्रदान की है। अदालत ने उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर को संजय कपूर की संपत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन करने से पूरी तरह रोक दिया है। दिवंगत संजय की संपत्ति को सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### हरभजन की सुरक्षा क्यों हटाई गई?

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का



रुख किया है। सिंह की याचिका पर हाई कोर्ट ने केंद्र , पंजाब सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाई कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि हरभजन सिंह और उनके परिवार की सुरक्षा किसी भी हाल में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### कंकाल कांड पर बवाल सीएम से मांगा इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बैंक में कंकाल ले जाने की सनसनीखेज घटना को लेकर ओडिशा विधानसभा में जोरदार



हंगामा देखने को मिला।कांग्रेस विधायकों ने सदन में जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए वॉकआउट कर दिया।मामले की जांच भी तेज हो गई है। राजस्व आयुक्त आज पाटणा ब्लॉक के डिआनाली गांव पहुंचे। परिवार से बात की।

### बैंक की कैश वैन में आग बमुश्किल बचे 5 करोड़

**निवाई।** राजस्थान के निवाई क्षेत्र में एचडीएफसी की कैश वैन में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।



यह घटना जयपुर-कोटा हाईवे पर झिलाई पुलिया के पास हुई, जब वैन जयपुर से भीलवाड़ा जा रही थी। वैन में करीब 5 करोड़ नकद रखे हुए थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि पूरी राशि सुरक्षित बचा ली गई। तीन गार्ड, ड्राइवर अधिकारी ने जान बचाई।

### केंद्र सरकार ने उर्वरकों की उपलब्धता का भरोसा दिलाया

# खरीफ में खाद की एलपीजी और पेट्रोल डीजल की आपूर्ति भी पूरी तरह सामान्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने खरीफ 2026 सीजन के लिए देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि खाद की आपूर्ति जरूरत से अधिक बनी हुई है। साथ ही एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की सप्लाई भी पूरी तरह सामान्य है और देशभर में किसी तरह की कमी या बाधा की स्थिति नहीं है। गुरुवार को आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि वर्तमान अवधि में घरेलू उर्वरक उत्पादन 62.37 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंच चुका है, जबकि आयात लगभग 15.39 एलएमटी रहा है। इस तरह कुल उपलब्धता करीब 78 एलएमटी हो गई है, जो खरीफ सीजन की आवश्यकताओं से अधिक है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भविष्य की





जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 38 एलएमटी यूरिया और 19 एलएमटी फॉस्फेटिक एवं पोटाशिक उर्वरकों की खरीद के लिए वैश्विक निविदाएं भी जारी कर दी हैं। अपर्णा शर्मा ने जोर देकर कहा कि देश में उर्वरक सुरक्षा मजबूत, स्थिर और पूरी तरह नियंत्रित है तथा किसानों को खाद की उपलब्धता को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

वहीं, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुनिश्चित है और किसी भी वितरक के यहां 'ड्राई-आउट' यानी स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति नहीं है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग बढ़कर लगभग 98 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि करीब 93 प्रतिशत डिलीवरी ओटीपी सत्यापन के माध्यम से की जा रही हैं। इससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों में सुधार हुआ है।

सुझाता शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि लगभग 43 हजार उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने एलपीजी कनेक्शन छोड़कर पाइप्ड नेचुरल गैस को अपनाया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे घबराहट में अनावश्यक खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

इसी ब्रीफिंग में बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय समुद्री पोत से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय अब तक 2,800 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित कर चुका है, जिनमें पिछले 24 घंटों में लौटे 28 नाविक भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर के बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी जाम या बाधा की स्थिति नहीं है।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि खाद, ईंधन और बंदरगाह संचालन को लेकर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और नागरिकों को किसी प्रकार की अफवाहों से बचते हुए सामान्य रूप से अपनी गतिविधियां जारी रखनी चाहिए।

### प्रेस कांफ्रेंस की मुख्य बातें

- बंपर स्टॉकः खरीफ सीजन के लिए कुल 390.54 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले, सरकार ने 190 एलएमटी (49%) से अधिक स्टॉक पहले ही जमा कर लिया है, जो सामान्य 33% की आवश्यकता से काफी बेहतर है।
- कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहींः यूरिया 266.5 प्रति 45 किलोग्राम बैग, डीएपी 1350 और टीएसपी 1300 प्रति बैग की पुरानी दरों पर ही मिलेगा।
- अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामनाः पश्चिम एशिया में हालिया तनाव के बावजूद, सरकार ने उर्वरक कंपनियों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर 38.07 एलएमटी प्लस 25एलएमटी आईपीएल यूरिया का आयात सुनिश्चित किया है।
- घरेलू उत्पादनः सरकार ने गैस की आपूर्ति को 60% से बढ़ाकर 75-80% कर दिया है, जिससे यूरिया का उत्पादन प्रतिदिन 12,000-15,000 टन बढ़ गया है।
- निगरानीः एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली के माध्यम से देश भर में उर्वरकों की आवाजाही और स्टॉक पर नजर रखी जा रही है।
- इस ब्रीफिंग में रसायन एवं उर्वरक, पेट्रोलियम, और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

### उर्वरक स्टॉक की स्थिति

- खरीफ 2026 के लिए, कृषि एवं किसान संघ द्वारा उर्वरक की आवश्यकता 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी गई है, जबकि वर्तमान में स्टॉक लगभग 190 लाख मीट्रिक टन (49 प्रतिशत) है, जो सामान्य स्तर (लगभग 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है। यह सरकार के अग्रिम भंडारण और कुशल रसद प्रबंधन को दर्शाता है।
- इन राज्यों में आपूर्ति की स्थिति मजबूत बनी हुई है। 1 अप्रैल, 2026 से 26 अप्रैल, 2026 की अवधि के लिए, उपलब्धता आवश्यकता से काफी अधिक है।
- यूरिया की उपलब्धता 20.54 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 71.40 लाख मीट्रिक टन है, डीएपी की उपलब्धता 6.67 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 23.09 लाख मीट्रिक टन है। एमओपी की उपलब्धता 1.96 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 8.38 लाख मीट्रिक टन है, एनपीके की उपलब्धता 8.43 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 53.40 लाख मीट्रिक टन है और एसएसपी की उपलब्धता 3.73 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 25.78 लाख मीट्रिक टन है। यह स्पष्ट रूप से मौजूदा खरीफ सीजन के लिए मजबूत शुरुआती स्थिति को दर्शाता है।

### लद्दाख पर बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल

# युवाओं के आशियाने बदले गए लोकतांत्रिक हक भी कुचले गए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख पर पीएम मोदी और केंद्र को घेरा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, लद्दाख के युवाओं ने मुझे बताया कि किस तरह उनके खूबसूरत आशियाने को एक पुलिस राज में बदल दिया गया है। उनकी आवाज दबा दी गई है, लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचल दिया गया है और उनकी जमीन और नाजुक पर्यावरण को पीएम मोदी के अरबपति मित्रों के हवाले किया जा रहा है। 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने दावा किया कि लद्दाख के खूबसूरत परिवेश को 'पुलिस राज' में तब्दील कर दिया गया है, जहां स्थानीय जनता की आवाज़ को दबाया जा रहा है। राहुल ने लिखा, लद्दाख के लोग विकास के खिलाफ नहीं हैं। वो रोजगार और उद्योग चाहते हैं।

**'पुलिस राज' और कॉर्पोरेट कब्जे का आरोप**

राहुल ने पोस्ट में लद्दाख के युवाओं के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए लिखा कि वहां लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लद्दाख की जमीन और वहां के नाजुक पर्यावरण को पीएम मोदी के अरबपति मित्रों के हवाले किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**स्थानीय लाभ वाला विकास चाह रही जनता**

राहुल ने स्पष्ट किया कि लद्दाख के नागरिक विकास के विरोधी नहीं हैं। वहां की जनता रोजगार और नए उद्योग चाहती है, लेकिन वे ऐसा विकास चाहते हैं जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिले, न कि बाहरी बड़े पूंजीपतियों को। वहां के लोग अपने भविष्य और संसाधनों पर अपना अधिकार चाहते हैं।

### शाह आज करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन

## लद्दाख में डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा



सहकारिता आधारित ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम पहल के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को लद्दाख में विभिन्न डेयरी अवसंरचना और सहकारी पहलों का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम लेह स्थित केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान में आयोजित होगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे।

### कुल 20 बैच में 1 हजार तीर्थयात्री जाएंगे चीन, करेंगे भोलेनाथ और माता पार्वती के स्थायी निवास के दर्शन

# इस साल जून से अगस्त के बीच होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को देश के हर खासो-आम को एक खुशखबरी दी है। जिसमें यह ऐलान किया है कि इस साल पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत जून से अगस्त महीने के बीच होगी। तीर्थयात्रियों के कुल 20 बैच बनाए जाएंगे और उनमें से प्रत्येक में क्रमशः 50, 50 लोग शामिल होंगे। जिसके हिसाब से 2026 में की जाने वाली इस यात्रा में 1 हजार श्रद्धालु भारत की सीमा पार चीन में भगवान शिव और माता पार्वती के स्थानी निवास के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा के लिए 10-10 के आकार में बैच को दो भागों में बांटा जाएगा। जिनमें 10 बैच में शामिल 500 लोग उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के रास्ते से अपनी यात्रा का आगाज करेंगे। जबकि बाकी बचे हुए 10 बैच में शामिल 500 लोग पूर्वोत्तर भारत में सिक्किम के नाथुला दर्रे से यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा को लेकर मंत्रालय के पास रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तारीख 19 मई 2026 है। यात्रियों का चुनाव एक पारदर्शी, कंप्यूटर आधारित, रैंडम और लैंगिग समानता पर आधारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

**आवेदन भेजें, मंत्रालय ने बनाई वेबसाइट :** मंत्रालय ने kmy.gov.in नामक एक वेबसाइट बनाई है और उसे आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए आमजन के लिए खोल दिया है। जो लोग इस यात्रा में जाने के इच्छुक हैं। वह विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के



इस लिंक पर जाकर ऑनलाइन अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त करने के लिए मंत्रालय के पास पत्र भेजने या फैक्स करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जानकारी लेने के लिए वेबसाइट में मौजूद फीडबैक विकल्प का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन से जुड़ी चीजों के बारे समझने के अलावा यात्रा में सुधार को लेकर सुझाव भी दे सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के वक्त यात्री अपनी प्राथमिकता बताते हुए दोनों मार्गों को चुन सकते हैं या किसी एक का भी चुनाव कर सकते हैं।

**सामान्य होते संबंधों का प्रतीक**

ज्ञात हो कि अक्टूबर 2024 में भारत, चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद दोनों देश एक बार फिर से अपने संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें हालिया समय में लिए गए बाकी फैसलों के साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत करने का निर्णय भी शामिल है। 2020 में यह सैन्य विवाद शुरू हुआ था। जिसके करीब पांच साल बाद 2025 में पुनः यह पवित्र तीर्थयात्रा शुरू हुई और अब इसके नियमित क्रम में यह इसका दूसरा साल है। यात्रा का आयोजन भारत का विदेश मंत्रालय चीन की सरकार के साथ समन्वय के जरिए कर रहा है।

**विक्रम दोराइस्वामी ने की राष्ट्रपति से मुलाकात**

उधर, इस पवित्र यात्रा की शुरुआत के साथ-साथ चीन में भारत के नए राजदूत नियुक्त किए गए वरिष्ठ राजदूत विक्रम दोराइस्वामी ने 30 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अपने प्रमाण पत्र प्राप्त किए। 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति से मेरे पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में राजदूत के पद के लिए प्रमाण पत्र और मार्गदर्शन प्राप्त करना एक सम्मान और विशेषाधिकार है। मैं हमारी राष्ट्र की सेवा करने के अद्वितीय सम्मान की प्रत्याशा करता हूं। दोराइस्वामी ने राष्ट्रपति के अलावा सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से भी मुलाकात की है। जल्द ही वह चीन में अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गुरुवार को देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पावन दिवस भगवान बुद्ध के पृथ्वी पर अवतरण, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण जैसी युगांतकारी घटनाओं का प्रतीक है। आज गुरु पूर्णिमा है। अपने संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, शांति और ज्ञान के शाश्वत संदेश पूरी मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला प्रेरणादायक अवसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे समय में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं शांति, सहिष्णुता और आपसी सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उनके विचार समाज में समरसता, न्याय और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे इस अवसर पर भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और एक शांतिपूर्ण, समावेशी तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन और उनका दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था। उनका संदेश न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए शांति और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशभर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बौद्ध स्थलों पर विशेष प्रार्थनाएं, ध्यान और उपदेश कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बुद्ध को नमन कर रहे हैं। राष्ट्रपति के इस संदेश को देश में सामाजिक सौहार्द और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **माणिक विश्वास पुत्रः** लाल विश्वास, **पताः** मकान नंबर 231, गली नंबर 3, रेलवे कॉलोनी, दिल्ली, ने **FIR No. 864/2015 U/s 308/34 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **माणिक विश्वास,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **माणिक विश्वास,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 864/2015 U/s 308/34 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **माणिक विश्वास,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
**DP/5621/ED/2026** जेएमएफसी—03, पूर्वी जिला, कमरा नंबर—16
**(Court Matter)** कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

पत्रांक 22-W-09-2026-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 29.04.2026


मुख्य अभियंता / निर्माण / आरएसपी / एनआर, 901 बी, टॉवर— I, 9वीं मंजिल, कनेक्ट्स टॉवर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली—110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई—निविदा आमंत्रित करते हैं:—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट यूनिट (RSPU)/NR नई दिल्ली के अंतर्गत 3 ROB का निर्माण (i) लखनऊ मंडल में उतरेटिया—सुल्तानपुर सेक्शन पर किलोमीटर 947.353 पर LC नंबर 108 C के बदले LHS के साथ अप्रोच सहित 2 लेन ROB (ii) लखनऊ मंडल में उतरेटिया—सुल्तानपुर सेक्शन में किलोमीटर 973.806 (सिंदुरवा) पर LC नंबर 138 AC के बदले अप्रोच सहित 2 लेन ROB (iii) उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में जौनपुर और शाहगंज रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे किलोमीटर Ch 830/7—8 पर LC 43A पर 2 लेन ROB |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | 1,91,11,04,700.82 /— रुपये मात्र (एक सौ इक्यानवे करोड़ ग्यारह लाख चार हजार सात सौ रुपये और बयासी पैसे मात्र) |
| 3 | कार्य की समाप्ति अवधि | 18 महीने की अवधि |
| 4 | बयाना राशि | 3,82,22,100.00 /— रुपये मात्र (तीन करोड़ बयासी लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 29.04.2026 से 26.05.2026 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 26.05.2026, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.05.2026, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |
| 8 | पूर्व—निविदा बैठक | दिनांकः 07.05.2026 समयः 11:30 बजे से 12:30 बजे तक स्थानः सीएओ/सी/आरएसपी कार्यालय, 9वीं मंजिल, कनेक्ट्स टॉवर, डीएमआरसी भवन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली – 110002 तथा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) लिंक के माध्यम से (uploaded on IREPS)। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1447/26

# कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार फिसला, सेंसेक्स 583 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया।



बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 116.2 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"शुरुआत में घबराहट भरी बिकवाली के बाद बाजार में सुधार देखने को मिला। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।/" व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# सोना 2,000 उछलकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी गिरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। इस तेजी का कारण वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझान और कमजोर डॉलर है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,000 रुपये यानी 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,52,800 रुपये



प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (शोध) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमतों में एक महीने के निचले स्तर से सुधार आया है। बृहस्पतिवार को इसमें मामूली बढ़त देखने को मिली, क्योंकि कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से इसे समर्थन मिला।'' उन्होंने कहा कि डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में आई नरमी ने हाल की कमजोरी के बाद कीमतों को स्थिर करने में मदद की, जबकि प्रमुख समर्थन स्तरों के पास हुई लिवाली ने भी इस सुधार में योगदान दिया। सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत में 1,800 रुपये यानी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट आई।



## डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर

**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 94.84 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और डॉलर में मजबूती के बीच रुपय में तेजी आई। हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और इसकी बढ़त पर अंकुश लगाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान टूटकर 95.34 के अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 94.84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रुपया बुधवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 94.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो उस समय का रिकॉर्ड निचला स्तर था।

### अधिसूचना फेमा के तहत जारी की जाएगी

# एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द चीनी हिस्से वाली विदेशी कंपनियों को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार चीनी कंपनियों में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे।

मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीन/हांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं।

## 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों को फायदा

### प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा

सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा। सरकार के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा जिन अन्य क्षेत्रों या गतिविधियों को जोड़ा जाएगा, वे भी इस दायरे में आएंगे।





### तकनीकी स्तर पर अभी काम बाकी है

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इन बदलावों को अधिसूचित कर दिया है, लेकिन आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने अभी तक फेमा कानून के तहत अधिसूचना जारी नहीं की है।
डीपीआईआईटी में संयुक्त सचिव जय प्रकाश शिवहरे ने कहा कि यह अधिसूचना जल्द जारी होगी और इस पर तकनीकी स्तर पर काम जारी है।

### विभाग उप- क्षेत्रों की पहचान कर रहा

अधिकारी ने बताया कि विभाग उन उप-क्षेत्रों की पहचान कर रहा है जिनके प्रस्ताव 60 दिनों में निपटाए जाएंगे। इसके साथ ही शिवहरे ने कहा कि इस बीच कुल एफडीआई वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान बढ़कर 88.29 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में इसी समय 80.61 अरब डॉलर था। देश में शुद्ध एफडीआई भी बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में 95.9 करोड़ डॉलर था।

### 31 हजार से अधिक रोजगार सृजन का अनुमान

सरकार ने साथ ही बताया कि इन्वेस्ट इंडिया ने 2025-26 के दौरान 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 परियोजनाओं को जमीन पर उतारने में सहायता की जिससे 31,000 से अधिक संभावित रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इन निवेशों में लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा यूरोपीय देशों से आया है जबकि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों की भागीदारी भी बनी हुई है।

### 11 देशों पर ध्यान केंद्रित

'इन्वेस्ट इंडिया' की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निवृत्ति राय ने कहा कि रसायन, दवा, जैव प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में लगभग 65 प्रतिशत निवेश हुआ जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स, वैमानिकी एवं रक्षा तथा मोटर वाहन/ इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय गतिविधि देखी गई है। उन्होंने कहा कि एजेंसी अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए 11 देशों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# रिलायंस रीटेल ने किया प्रियंका चोपड़ा के ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण





**मुंबई।** रिलायंस रीटेल लिमिटेड ने प्रियंका चोपड़ा जोनस के हेयरकेयर ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण कर लिया है। इस सौदे में ब्रांड के ट्रेडमार्क, ब्रांड से जुड़ी चीजें और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इससे रिलायंस रीटेल लिमिटेड के ब्यूटी कारोबार को मजबूती मिलेगी। एनोमली की शुरुआत 2021 में हुई थी। यह एक साफ, वीगन और अच्छी क्वालिटी वाला हेयरकेयर ब्रांड है, जो किफायती दाम में मिलता है।

यह पहले से ही कई बड़े देशों में बेचा जा रहा है। इस खरीद के बाद रिलायंस रीटेल लिमिटेड के पास इस ब्रांड का पूरा अधिकार होगा। अब कंपनी अपने बड़े रिटेल नेटवर्क और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जैसे 'टीरा', के जरिए एनोमली को तेजी से आगे बढ़ाएगी।

कंपनी का लक्ष्य ब्यूटी और पर्सनल केयर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करना है। ईशा अंबानी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस रीटेल वेंचर्स लिमिटेड ने इस सौदे पर कहा, "एनोमाली को हमारे पोर्टफोलियो में शामिल करना नए जमाने के ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनोमाली की मजबूत वैश्विक पहचान, क्लीन फॉर्मुलेशन और किफायती कीमत इसे बेहतरीन बनाते हैं।

हमें विश्वास है कि प्रियंका के साथ मिलकर हम भारत में इस ब्रांड को तेजी से बढ़ा सकते हैं और साथ ही इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को भी मजबूत कर सकते हैं।" रिलायंस रीटेल लिमिटेड अब भारत पर ज्यादा ध्यान देगा और एनोमली की पहुंच बढ़ाएगा। भारतीय बाल और सिर की त्वचा (स्कैल्प) के हिसाब से नए उत्पाद बनाए जाएंगे। साथ ही यह ब्रांड अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और मध्य पूर्व जैसे बाजारों में भी आगे बढ़ेगा। प्रियंका चोपड़ा जोनस ब्रांड में क्रिएटिव डायरेक्टर बनी रहेंगी और नए प्रोडक्ट व आइडिया पर काम करेंगी। उन्होंने कहा, "यह एनोमाली के लिए एक अहम क्षण है।

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1 )TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAQ8941-YOM- 2025
2) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL4224-YOM -2023
3) MAH MHMAXXCITY REG. NO. UP14NT6283-YOM-2023
4) TATA MOTORS TLPT1912G REG. NO. HR38AH6046-YOM-2024
5) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAH5545-YOM- 2022
6) TATA LPT709CH REG.NO. DL1LAG7922- YOM 2022
7) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAM2442- YOM 2024
8) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. HR55AL9059-YOM-2021
9) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAQ2058-YOM-NA
10) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN8440-YOM- NA
11) MARUTIS MAR_BLNLXI REG. NO. HR87Q6236-YOM- NA
12) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAM4394-YOM-2024
13) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM6684-YOM-2024
14) TATA MOTORS TSIGNA5530 REG. NO. HR58D5038-YOM -2024
15) TATA MOTORS TATA_1512 REG. NO. HR38AE5289-YOM-2023
16) JCB JCB3DX REG. NO. UP16FT4670 -YOM-2018
17) EICHR_VECV E_1095EHSD REG. NO. DL1MA1632-YOM- 2018
18) TATA MOTORS TSIGNA5530 REG. NO. HR58D3551-YOM- 2023
19) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL9812-YOM- 2023
20) TATA MOTORS TLPT709HSD REG. NO. UP14RT6619-YOM - NA
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr. P.C देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **अजय, पुत्रः श्री राम लखन, निवासीः मकान नंबरः सी–72, गली नंबर 12–13, हरिजन बस्ती, सागरपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.593/2023 U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना पश्चिम विहार पश्चिम, बाहरी दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अजय** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.593/2023 U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना पश्चिम विहार पश्चिम, बाहरी दिल्ली** के अभियुक्त **अजय** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **02.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।
आदेशानुसार, श्री अंकित करण सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08 (पश्चिम),
कमरा नंबर–30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5657/OD/2026 (अदालती मामला)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अलिफ उर्फ राजा** पुत्र **साहिद अली निवासी ए–1/40, अमन विहार, दिल्ली और गाँव–हयातपुर, जिला–सीवान, बिहार** ने **FIR No. 155/2020 U/S 356/379/411/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलिफ उर्फ राजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलिफ उर्फ राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 155/2020 U/S 356/379/411/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अलिफ उर्फ राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
सुश्री शगुन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 109, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/5333/RD/2026(Court Matter)

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# क्लीनटेक नोवॉर्बिस इटस ने रेनमैटर और रॉकस्टड से जुटाई 13.35 करोड़ की पूंजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई पुणे स्थित क्लीनटेक स्टार्टअप नोवॉर्बिस इटस प्राइवेट लिमिटेड ने सीड फंडिंग राउंड में 13.35 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस निवेश राउंड का नेतृत्व जेरोधा की निवेश पहल रेनमैटर ने किया। कंपनी डीज़ल जनरेटर (डीजी) सेट्स और श्मशान घाटों जैसे अलग-अलग जगहों पर होने वाले प्रदूषण को कम करने और हवा साफ करने वाले सिस्टम बनाती है, जिसमें मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रेट्रोफिट समाधान भी शामिल हैं। इस फंडिंग राउंड में मैन्युफैक्चरिंग आधारित कंपनियों पर फोकस करने वाले शुरुआती चरण के फंड रॉकस्टड कैपिटल ने भी भागीदारी की। इस लेनदेन पर सलाह इंडोरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने दी। नई पूंजी का इस्तेमाल कंपनी अपने मौजूदा समाधानों को बड़े स्तर पर लागू करने, अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने और बॉयलर व स्टील प्लांट्स जैसी बड़ी औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने वाले नए समाधान विकसित करने में करेगी। इसके साथ ही यह उद्योगों को अपने परिसर में ही कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी अपनाने में मदद करेगी।



# उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी श्री कुलतार सिंह 35 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली ।** उत्तर रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री कुलतार सिंह आज 35 वर्षों की दीर्घकालीन और सराहनीय रेल सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए।

नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस में आयोजित एक गरिमामयी विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। श्री कुलतार सिंह ने अपने तीन दशकों से अधिक के कार्यकाल के दौरान रेलवे के जनसंपर्क विभाग में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में उत्तर रेलवे के लिए अनेक शार्ट वीडियो स्पॉट्स/ डॉक्युमेंट्रीज़ का निर्माण, सोशल मीडिया पर उत्तर रेलवे की प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराना और रेलवे की वेबसाइट को द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) रूप में विकसित करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


# आईडीबीआई बैंक के लाभ में पांच प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईडीबीआई बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत गिरकर 1,943 करोड़ रुपये रह गया जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 2,051 करोड़ रुपये था। एलआईसी के नियंत्रण वाले बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसका परिचालन लाभ घटकर 3,043 करोड़ रुपये रह जाने से मुनाफे पर असर पड़ा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 3,195 करोड़ रुपये था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 9,409 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 9,035 करोड़ रुपये थी। इसकी ब्याज आय भी बढ़कर 7,798 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष 6,979 करोड़ रुपये थी। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 3,851 करोड़ रुपये हो गई, जो साल भर पहले 3,290 करोड़ रुपये थी। बैंक की संपत्ति गुणवत्ता में सुधार जारी रहा और सकल एनपीए घटकर 2.32 प्रतिशत रह गया, जो मार्च 2025 के अंत में 2.98 प्रतिशत था। शुद्ध एनपीए 0.15 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

# पीएनजी और एलपीजी कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकने और पात्र उपभोक्ताओं तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) के तहत 14 मार्च को जारी अधिसूचना में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण आदेश, 2000 में संशोधन करते हुए पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखना या या उसे भराने को प्रतिबंधित कर दिया था। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा कि दोहरा गैस कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं का आकलन किया जा रहा है।

## शब्द पहेली - 6212




**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -6211 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |



ऑरेंज कैप
अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप
भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# ड्रेसिंग रूम में लगाया एक कश, पराग पर लगा 25 लाख का जुर्माना
## बीसीसीआई ने की सख्त कार्रवाई, मैच फीस का 25 फीसदी पेनल्टी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हाल ही में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान पराग ड्रेसिंग रूम में कैमरे पर इलेक्ट्रिक सिगरेट पीते पकड़े गए थे।

जिसे खेल की छवि खराब करने वाला माना गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उनको नोटिस जारी करते हुए उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (COC) के अनुच्छेद 2.1 के तहत लेवल-1 का दोषी पाया।

### पराग को हर मैच में मिलते हैं एक करोड़ रुपए

*पराग को एक संस्करण के लिए 14 करोड़ रुपये मिलते हैं। इसके हिसाब से उनकी प्रति मैच फीस लगभग 1 करोड़ रुपये बैठती है। ऐसे में 25 प्रतिशत जुर्माना करीब 25 लाख रुपये का बनता है। इसे पहली बार की गलती माना गया, इसलिए इतने बड़े जुर्माने को काफी कड़ा फैसला माना जा रहा है। आमतौर पर पहली गलती पर इतनी भारी राशि का दंड कम ही देखने को मिलता है, इसलिए यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।*

### इन नियम के तहत मिली पराग को सजा



ड्रेसिंग रूम में धूम्रपान को लेकर पहले से कोई स्पष्ट नियम या उदाहरण मौजूद नहीं था, इसलिए बीसीसीआई ने प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.21 लागू की है। यह धारा ऐसे व्यवहार से जुड़ी है, जिससे खेल की छवि खराब होती हो और जिसका जिक्र सीओसी में अलग से नहीं किया गया हो। इसके तहत सार्वजनिक रूप से गलत आचरण, अनुशासनहीन व्यवहार और खेल के हितों के खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियां भी शामिल होती हैं।

### क्या कहता है कानून?

इलेक्ट्रिक सिगरेट पीना भारत में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के खिलाफ माना जाता है। यह कानून ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक लगाता है। पहली बार नियम तोड़ने वालों के लिए एक साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि पराग का मामला सिर्फ बीसीसीआई के जुर्माने तक सीमित रहता है या फिर उन्हें कानूनी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

### आईपीएल 2026 में खामोश रहा है पराग का बल्ला

आईपीएल 2026 में पराग ने 9 पारियों में 14.62 की बेहद खराब औसत के साथ सिर्फ 117 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 124.46 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 29 रन है। उनकी टीम 6 मैच जीत चुकी है।



## खबर संक्षेप

### विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के लिए आर्थिक मदद मंजूर

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हाल में आयरलैंड में खत्म हुई आईबीएसएफ विश्व पुरुष बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता मंजूर की है। इसके तहत 2026 के विश्व चैंपियन सौरव कोठारी, कई बार के वर्ल्ड चैंपियन पंकज आडवाणी और कोच अशोक शांडिल्य को मदद दी गई है। यह चैंपियनशिप बुधवार को खत्म हुई। इसमें इन तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता योजना के तहत सरकार से मिले फंड से हिस्सा लिया।

### रोड्स, क्लासेन और फाफ ने मिलकर ईटीपीएल की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी

**रोटरडम।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी है। रोटरडम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता के पहले सत्र में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन 26 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जाएगा। अन्य शहर आधारित फ्रेंचाइजी ग्लास्गो, एम्सटरडम, एडिनबर्ग, डबलिन और बेलफास्ट हैं। डु प्लेसी ने बयान में कहा, ''ईटीपीएल में जोंटी और क्लासेन के साथ मिलकर एक फ्रेंचाइजी हासिल करना मेरे लिए बहुत खास है। टीम के मालिक बनने की दिशा में यह मेरा पहला कदम है और इसका समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था क्योंकि यूरोपीय क्रिकेट आगे बढ़ रहा है।

# बेंगलुरु सीजन में तीसरा मैच हारी गुजरात ने चार विकेट से हराया

### गिल ने 43 रन बनाए अरशद को 3 विकेट

### आरसीबी 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर

भाषा ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स ने अनुशासित गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (18 गेंद में 43 रन) और जोस बटलर (19 गेंद में 39 रन) की अच्छी शुरूआत की मदद से बृहस्पतिवार यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स ने गिल (चार चौके, तीन छक्के) और बटलर (दो चौके, चार छक्के) के अलावा अंत में राहुल तेवतिया की नाबाद 27 रन (17 गेंद में चार चौके) पारी मदद से 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जेसन होल्डर (29 रन देकर दो विकेट) ने गेंदबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षण में भी कमाल दिखाते हुए तीन शानदार कैच लपके। इस तरह गुजरात टाइटन्स ने आरसीबी को 19.2 ओवर में महज 155 रन पर ऑल आउट कर दिया। आरसीबी की टीम इस सत्र में पहली बार ऑल आउट हुई। उसके लिए देवदत्त पडीक्कल 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विराट कोहली ने 28 रन और कप्तान रजत पाटीदार ने 19 रन का योगदान दिया। गुजरात टाइटन्स (10 अंक) की यह लगातार दूसरी जीत थी जिससे वह पांचवें स्थान पर कायम है जबकि आरसीबी (12 अंक) की यह नौ मैच में तीसरी हार है जिससे वह तालिका में अपने दूसरे स्थान पर बरकरार है। तेज गेंदबाजी के अगुआ भुवनेश्वर कुमार ने नयी गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके



जिसमें शीर्ष तीन बल्लेबाजों गिल, बटलर और साई सुदर्शन (06) के विकेट शामिल थे। जबकि जोश हेजलवुड (56 रन देकर कोई विकेट नहीं) महंगे साबित हुए जिन्होंने दूसरे ओवर में दो छक्के और तीन चौके से 24 रन लुटाए। रोमारियो शेफर्ड ने अपने दूसरे ओवर में वाशिंगटन सुंदर (12 रन) और शाहरूख खान (08) के विकेट झटके। लेकिन लक्ष्य इतना छोटा था कि गुजरात टाइटन्स छह विकेट गिरने के बावजूद आसानी से लक्ष्य तक पहुंच गई।

### बेंगलुरु-155/10 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जैकब का राशिद बो सिराज | 05 |
| विराट का राशिद बो रबाडा | 28 |
| देवदत्त पडीक्कल बो राशिद | 40 |
| रजत का होल्डर बो अरशद | 19 |
| जितेश का बटलर बो होल्डर | 01 |
| टिम डेविड का होल्डर बो राशिद | 09 |
| कृणाल का होल्डर बो अरशद | 04 |
| शेफर्ड का सुदर्शन बो होल्डर | 17 |
| वेंकटेश का सुदर्शन बो अरशद | 12 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 15 |
| जोश हेजलवुड रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 05
कुल योग : 19.2 ओवर में 155 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-34, 2-35, 3-79, 4-80, 5-91, 6-96, 7-126, 8-126, 9-155
गेंदबाजी: सिराज 4-0-38-1, रबाडा 4-0-44-1, होल्डर 4-0-29-2, अरशद 3.2-0-22-3, राशिद 4-0-19-2

### गुजरात-158/6 (15.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साई का जितेश बो भुवनेश्वर | 06 |
| शुभमन का कोहली बो भुवनेश्वर | 43 |
| जोस बटलर बो भुवनेश्वर | 39 |
| वाशिंगटन पगबाधा बो शेफर्ड | 12 |
| शाहरूख का हेजलवुड बो शेफर्ड | 08 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 27 |
| होल्डर का पडिक्कल बो सूयश | 12 |
| राशिद खान नाबाद | 07 |

अतिरिक्त : 04
कुल योग : 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन
विकेट पतन : 1-42, 2-57, 3-92, 4-109, 5-111, 6-141
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-28-3, हेजलवुड 4-0-56-0, सूयश 3.5-0-44-1, शेफर्ड 4-0-30-2



### कड़ी टक्कर देने वाली राजस्थान और कैपिटल्स के बीच आज होगी भिड़ंत

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 43वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। आरआर ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। वहीं, 3 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। डीसी की टीम को 3 मैच में जीत और 5 मुकाबलों में हार मिली है। आरआर और डीसी के बीच यह मुकाबला 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा। आरआर के लिए वैभव ने पिछले 10 मैचों में 227.36 की स्ट्राइक रेट से 457 रन बनाए हैं। यशस्वी के बल्ले से पिछले 10 मैचों में 342 रन निकले हैं। डीसी के लिए राहुल ने पिछले 10 मैच में 183.63 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए हैं। गेंदबाजों में आर्चर ने पिछले 9 मैच में 8.27 की इकॉनमी से 14 विकेट लिए हैं। डीसी से कुलदीप ने पिछले 9 मैचों में 9.58 की इकॉनमी से 10 विकेट चटकाए हैं।

- मुकाबला 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

### विश्व टीम टेबल टेनिस

## भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया



एजेंसी ▸▸ लंदन

भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई।

## नेशनल कुश्ती: फ्री स्टाइल में हरियाणा ने ओवर ऑल पहला स्थान हासिल किया





**रोहतक।** नेशनल अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार किया। इस प्रतियोगिता फ्री स्टाइल में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 205 प्वाइंट के साथ पहला स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र में आयोजित की गई। फ्री स्टाइल में हरियाणा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य कुल 10 पदक जीते। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच रणबीर ढाका ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमारे पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। फ्री स्टाइल में 45 किलोग्राम में अभिनव ने स्वर्ण पदक जीता। 48 किलोग्राम में साहिल ने कांस्य, 51 किलोग्राम में मोहित ने रजत, 55 किलोग्राम में साहिल ने स्वर्ण, 60 किलोग्राम में नितेश ने कांस्य, 65 में विनित ने कांस्य, 71 में अनुज ने स्वर्ण, 80 किलोग्राम में मनदीप ने रजत, 92 में सक्षम ने रजत और 110 किलोग्राम में आरुष राणा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं ग्राको रोमन ने 110 किलोग्राम भार वर्ग में वासु ने कांस्य पदक जीता।

## हरियाणा ने दिल्ली को 66 रनों से दी मात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

### राष्ट्रीय अंडर-17 क्रिकेट चैंपियनशिप

69वीं राष्ट्रीय अंडर-17 क्रिकेट चैंपियनशिप के दूसरे दिन वीरवार को विभिन्न मैदानों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिन भर चले कुल सात मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीमों को अगले दौर में पहुँचाया। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला हरियाणा और दिल्ली के बीच रहा, जहाँ मेजबान टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की। हरियाणा और दिल्ली के बीच खेले गए मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की कप्तानी कर रही परी ने मोर्चे से नेतृत्व करते हुए 72 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, मानवी ने 29 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। दिल्ली की ओर से रिधि और कल्याणी ने 2-2 विकेट लिए, लेकिन वे हरियाणा की रन गति को रोकने में नाकाम रहीं। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम दबाव में नजर आई और निर्धारित स्कोर के सामने केवल 106 रन ही बना सकी। विश्वकर्मा स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब ने कर्नाटक को 80 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। सीबीएसई ने ओडिशा को 6 विकेट से हराया, जबकि आंध्र प्रदेश ने गोवा पर 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। महाराजा अग्रसेन क्रिकेट स्टेडियम में महाराष्ट्र ने गुजरात को 3 विकेट से मात दी। वहीं, चंडीगढ़ ने केवीएस के खिलाफ 50 रनों से जीत हासिल की। तेलंगाना और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मैच में तेलंगाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन उत्तर प्रदेश ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 24 रनों से मैच अपने नाम कर लिया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### थॉमस कप फाइनल्स

## क्वार्टर फाइनल में आज चीनी ताइपे से भिड़ेगी भारतीय टीम



एजेंसी ▸▸ होर्सेंस (डेनमार्क)

भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है।

इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है।

### भारत के अभियान की जोरदार शुरुआत

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं।

### चीन के पास वर्तमान में आक्रामक खिलाड़ी

*मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। भारतीय टीम काफी अच्छी लय मेंदूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे। यहां उन्होंने अपने तीनों मैच जीते हैं। भारत के दो अनुभवी खिलाड़ियों एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने तीसरे एकल मुकाबले की जिम्मेदारी आपस में बांटी है।*

### आशीष, मुनाफ, जहीर डाल चुके हैं 19 डॉट बॉल

## एक पारी में सुयश और चहार ने किया सबसे ज्यादा 20 डॉट बॉल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक इतिहास में जहां बल्लेबाज चौके-छक्कों की बारिश कर सुर्खियां बटोरते हैं। वहीं, गेंदबाज भी अपनी कसी हुई लाइन-लेंथ से मैच का रुख बदलने का दम रखते हैं। एक पारी में 20 डॉट गेंदें फेंकना किसी भी गेंदबाज के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। यह आंकड़ा उनकी सटीकता, दबाव बनाने की क्षमता और खेल पर पकड़ को दर्शाता है। आइए जानते हैं उन गेंदबाजों के बारे में जिन्होंने यह खास मुकाम हासिल किया है।

### सुयश शर्मा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिन गेंदबाज सुयश शर्मा आईपीएल में 20 गेंदें डॉट डालने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 ओवर गेंदबाजी की थी और 1 मेडन के साथ 7 रन देकर 1 विकेट लिया था। उनकी इकॉनमी 1.80 की रही थी। डीसी मैच में सिर्फ 75 रन पर बनाकर ऑलआउट हो गई थी। आरसीबी को उस मुकाबले में 9 विकेट से शानदार जीत मिली थी।



### दीपक चाहर

इस सूची में पहले स्थान पर तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैं। इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2019 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में 20 डॉट गेंदें डाली थी। उस समय दीपक चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम का हिस्सा थे। अभी वह मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं। दीपक ने 4 ओवर में 20 रन खर्च कर 3 विकेट चटकाए थे। उनकी इकॉनमी 5 की थी। CSK को उस मैच में 7 विकेट से जीत मिली थी।

### आठ गेंदबाजों ने डाली हैं 19 डॉट गेंदें

*आईपीएल के इतिहास में 8 गेंदबाज ऐसे हैं, जिन्होंने एक पारी में 19 गेंदें डॉट डाली हैं। ये गेंदबाज फिडेल एडवर्ड्स (बनाम केकेआर, 2009), आशीष नेहरा (बनाम पीबीकेएस, 2009), मुनाफ पटेल (बनाम केकेआर, 2009), एस श्रीसंथ (बनाम डीसी, 2011), जहीर खान (बनाम सीएसके 2015), हर्षल पटेल (बनाम केकेआर, 2022), उमरान मलिक (बनाम आरसीबी 2022) और मोहम्मद शमी (बनाम डीसी, 2023) हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

मोजतबा खामेनेई का अमेरिका को संदेश

# अपनी परमाणु क्षमताओं की रक्षा करेगा ईरान, ट्रंप बोले यूरेनियम भंडार को संभालने के लिए रूस करेगा मदद


डोनाल्ड ट्रंप और मोजतबा खामेनेई

*मोजतबा ने कहा कि देश और विदेश में रहने वाले करीब नौ करोड़ ईरानी अपने देश की सभी क्षमताओं को राष्ट्रीय संपति मानते हैं। इनमें नैनोटेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन सभी चीजों की वैसे ही रक्षा करेंगे जैसे वे अपने देश की जमीन, पानी और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं*

**होर्मुज पर नियंत्रण बना रहेगा**

**नाकाबंदी के आगे झुकेंगे नहीं**

**युद्ध पर यूएस के 25 अरब डॉलर खर्च**

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करेगा और उन्हें एक राष्ट्रीय संपत्ति मानता है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन मुद्दों पर किसी तरह का समझौता चाहते हैं। मोजतबा ने यह बयान एक लिखित संदेश में दिया। इसे ईरान के सरकारी टेलीविजन पर पढ़कर सुनाया गया। मोजतबा ने कहा कि देश और विदेश में रहने वाले करीब नौ करोड़ ईरानी अपने देश की सभी क्षमताओं को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं। इनमें अत्यंत सूक्ष्म तकनीक नैनोटेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं।

### ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में तीखी बहस

अमेरिका में ट्रंप सरकार द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए युद्ध को लेकर संसद में तीखी बहस देखने को मिली। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ जब कांग्रेस के सामने पेश हुए, तो विपक्षी नेताओं ने युद्ध के खर्च और उद्देश्य पर सवाल उठाए। युद्ध पर अब तक करीब 25 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। कई सांसदों ने आरोप लगाया कि बिना संसद की मंजूरी के युद्ध शुरू करना गलत है।

### खाड़ी में विदेशी हुक्म नहीं चलेगा: पेजेशकियन

'फारस की खाड़ी राष्ट्रीय दिवस' के मौके पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और इजराइल को बहुत ही कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी विदेशी दबाव, समुद्री नाकाबंदी या धमकियों के आगे झुकने वाला देश नहीं है और वह डटकर इसका सामना करेगा। फारस की खाड़ी कोई ऐसा अखाड़ा नहीं है जहां विदेशी ताकतें आकर अपनी मर्जी थोप सकें। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ समुद्री पाबंदियां लगाना अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है।



पुतिन से बातचीत के बाद ट्रंप बोले

## यूक्रेन के साथ सीजफायर का ऐलान कर सकते हैं पुतिन


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को फोन पर हुई बातचीत के दौरान रूस की उस पेशकश को दोहराया, जिसमें वह तीसरे देश के रूप में ईरान के 970 पाउंड समृद्ध यूरेनियम के भंडार को संभालने के लिए तैयार है। अमेरिकी नेता ईरान से यूरेनियम के इस भंडार को अमेरिका को सौंपने की मांग कर रहे हैं। ट्रंप ने बताया कि पुतिन ने उनसे कहा कि वह इसमें हमारी मदद करना चाहते हैं और वह संवर्धन में शामिल होने के इच्छुक हैं। इस पर मैंने कहा कि मैं चाहूंगा कि आप यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने में शामिल हों। मेरे लिए, यह अधिक महत्वपूर्ण होगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही समझौते के लिए तैयार थे, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें बाधा डाली। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब दोनों देशों के बीच कोई समाधान जल्दी निकल सकता है।

### आज से दोहा के लिए फिर भारतीय विमान सेवाएं

*कतर में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर बताया कि भारतीय एयरलाइंस अब दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एक मई 2026 से दोहा और भारत के अलग-अलग शहरों के बीच अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की योजना बना रही हैं। उड़ानों का यह संचालन संबंधित अधिकारियों और एयरलाइन पार्टनर्स के साथ तालमेल बिठाकर किया जा रहा है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उड़ानों के समय, बुकिंग और अन्य जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस के लगातार संपर्क में रहें।*

## ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शेयर किया- तूफान आ रहा है

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड तस्वीर साझा की। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा 'तूफान आ रहा है, कोई रोक नहीं सकेगा'।






### अमेरिकी सेना ने 42 जहाजों को रोका

अमेरिकी सेंट्रल कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी बलों ने नाकेबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज को रोका है। उन्होंने बताया कि नाकेबंदी में अभी 41 टैंकर फंसे हुए हैं। इन टैंकरों में अनुमानित 690 लाख बैरल तेल है, जिसका संभावित राजस्व 6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। कूपर ने कहा कि नाकेबंदी अत्यधिक प्रभावी है, और अमेरिकी बल पूर्ण प्रवर्तन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

मानेकशॉ केंद्र में हुई बैठक, द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का किया आदान-प्रदान

# भारत, इटली के रक्षा मंत्रियों की बैठक में उठा पश्चिम-एशिया संकट का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में जारी संघर्षों की वजह से बनी हुई भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच गुरुवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने इटली के समकक्ष और रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं, पश्चिम-एशिया के मौजूदा हालात सहित कई अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया है। बैठक में भारत और इटली की सशस्त्र सेनाओं के मध्य सहभागिता के मामले को लेकर द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना (एमसीपी) 2026-27 का आदान-प्रदान किया गया। गौरतलब है कि इटली के रक्षा मंत्री भारत की यात्रा पर हैं। जिसके तहत उनकी यह बैठक हुई है। वार्ता से ठीक पहले इतालवी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद मानेकशॉ केंद्र में त्रिस्तरीय गार्ड



ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

### औद्योगिक सहयोग को मिलेगी मजबूती

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में रक्षा मंत्रियों ने दोहराया कि दोनों देशों की सामरिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान जैसे साझा मूल्यों पर आधारित है।

रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से भी इस मुलाकात का उल्लेख किया है। जिसमें बताया कि हमने भारत के आत्मनिर्भरता कार्यक्रम और इटली की रक्षा सहयोग पहल के तहत साझा रूप से लाभकारी रक्षा औद्योगिक सहयोग को और विकसित करने के मार्गों पर भी चर्चा की है।

दोनों की बातचीत में प्रमुख समुद्री विषयों को शामिल किया गया। जिसमें गुरुग्राम स्थित इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओसियन रीजन के माध्यम से सूचना आदान-प्रदान के मामले को भी प्रमुखता के साथ रेखांकित किया गया।

### हिंद-प्रशांत में बढ़ेगी अंतर-संचालनीयता

बताते चलें कि भारत और इटली के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों के व्यापक फ्रेमवर्क के तहत दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने पर जोर दे रहे हैं। जिसमें सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता और सहयोग को बढ़ाना शामिल है। साथ ही साझेदारी तथा संवाद का निजी और सार्वजनिक भागीदारों तक विस्तार करने के लिए नए उपायों की तलाश करने के लिए भी दोनों देश सहमत हैं। जिसमें रक्षा प्लेटफार्म और उपकरणों के मामले में तकनीकी सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास शामिल है।

# लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल के जल्द ही होंगे परीक्षण: कामत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के हाइपरसोनिक हथियार कार्यक्रम में बड़ी प्रगति सामने आई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के समीर वी कामत ने गुरुवार को बताया कि भारत का लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल (एलआर-एएसएचएम) हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल कार्यक्रम अब उन्नत चरण में पहुंच चुका है और इसके शुरुआती परीक्षण जल्द किए जा सकते हैं। उन्होंने यह जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2.0 के दौरान दी। यह हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल स्थिर और गतिशील दोनों तरह के लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसमें स्वदेशी एवियोनिक्स और अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं, जिससे इसकी सटीकता काफी बढ़ जाती है।

यह मिसाइल मैक 10 (ध्वनि की गति से 10 गुना) यानी लगभग 12,000 किमी/घंटा तक की अधिकतम रफ्तार हासिल कर सकती है। और औसतन मैक पांच की गति से कई बार स्किप करते हुए आगे बढ़ती है। यह 1,500 किमी की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। उन्होंने बताया कि शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' परीक्षण के अंतिम चरण में है और जल्द शामिल होगी। यह हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल क्वासी-बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी का पालन करता है। यह बीच-बीच में दिशा बदलते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। अंतिम चरण में यह अपने स्वदेशी सेंसरों की मदद से मूविंग टारगेट को भी सटीकता से हिट कर सकती है। यह कम ऊंचाई पर उड़ान भरती है, बहुत तेज गति से चलती है और लगातार दिशा बदल सकती है, जिससे दुश्मन के ग्राउंड और समुद्री रडार के लिए इसे ट्रैक करना बेहद मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा कि सबकुछ सरकार के निर्णय पर निर्भर है। एजेंसी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। यह एक उन्नत अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होगी। उन्होंने बताया कि शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' परीक्षण के अंतिम चरण में है और जल्द शामिल होगी।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**